जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

हिण्डौनसिटी

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 वर्षः 15 संख्याः 34 प्रभात हिण्डौन सिटी, रविवार 4 दिसम्बर, 2022 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.



पूरे अमेरिका में हिरणों की आबादी में एक घातक क्रॉनिक ''वैस्टिंग डिज़ीज़'' पनप रही है। वन्यजीव अधिकारी पूरी कोशिश कर रहे हैं कि यह बीमारी ना फैले, पर हाल ही में यह बीमारी नॉर्थ कैरोलाइना के हिरणों में भी देखी गई। राज्य के जीव वैज्ञानिकों के अनुसार क्रॉनिक वेस्टिंग डिज़ीज़ से पीड़ित हिरणों में मृत्युदर 100 प्रतिशत है। इस रोग के मुख्य लक्षण हैं, वजन गिरना, सुस्त हो जाना और लड़खड़ाना। शिकारियों ने इस बीमारी और हिरणों पर इसके प्रभाव को लेकर गंभीर चिंता जताई है। यहाँ की याकडिन और सरी काउंटी में तीन हिरणों में इस बीमारी के लक्षण मिले हैं। विशेषज्ञों ने क्षेत्र में व्यापक जांच की आवश्यकता बताई है। नॉर्थ कैरोलाइना वाइल्डलाइफ रिसोर्सेज़ कमीशन ने मार्च में पहला केस मिलने के बाद राज्य भर में टैस्टिंग शुरु कर दी थी। वैज्ञानिकों को टैस्ट के लिए हिरण के लिम्फ नोड्स (लसिका गांठ) के सैम्पल लेने पड़ते हैं। इसके लिए वे क्षेत्र के शिकारियों व मीट प्रोसैसर्स से मदद ले रहे हैं। शोधकर्ताओं ने जगह -जगह पर फ्रीज़र्स रखवाए हैं ताकि शिकारी व अन्य लोग उसमें सैम्पल रख दें। सैंटर फॉर डिज़ीज़ के अनुसार इस रोग से ना केवल हिरण बल्कि एल्क, सिका डियर, रेनडियर और मूज़ भी प्रभावित हो रहे हैं। अमेरिका व कैनेडा के अलावा नॉर्वे और दक्षिण कोरिया के हिरणों में भी इस बीमारी के लक्षण मिले हैं। नॉर्थ कैरोलाइना के वन्यजीव वैज्ञानिक डैनी रे कहते हैं कि, टैस्टिंग का लक्ष्य यह है कि बीमारी को फैलने से रोका जाए। रे ने कहा कि उनकी टीम कोशिश कर रही है कि लोग प्रभावित क्षेत्र से हिरणों को दूर ना भगाएं और उनके अंगों को ना हटाएं ताकि इस बीमारी को फैलने से रोका जा सके। न्यूयॉर्क स्टेट डिपार्टमैंट ऑफ हैल्थ के अनुसार अभी ऐसा कोई प्रमाण नहीं है कि शिकार के कारण क्रॉनिक वेस्टिंग डिज़ीज़ के संक्रमण का खतरा बढ़ा है। पर उन्होंने शिकारियों को चेतावनी दी है कि, किसी भी जानवर के साथ डील करते समय सावधानी रखी जाए।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सख्त टिप्पणी की ''जूडिशीएरी'' व सरकार के बीच चल रहे संघर्ष पर

## 'जनता की आवाज के प्रतीक संसद द्वारा पारित प्रस्ताव को सुप्रीम कोर्ट द्वारा रद्द करना गंभीर घटना है, जिसका विश्व में कहीं भी दूसरा उदाहरण नहीं है'

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर। कार्यपालिका व न्यायपालिका के बीच चल रही सर्वोच्चता की लड़ाई में शुक्रवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी कूद पड़े और बोले कि सुप्रीम कोर्ट के जब नैशनल जूडिशियल अपॉइन्टमैंट्स कमीशन (एन.जे.ए.सी.) एक्ट पर रोक लगाई तब संसद में कोई चर्चा तक नहीं हुई थी।

उपराष्ट्रपति ने इसे बहुत गंभीर माना और कहा कि संसद द्वारा पारित कानून, जो जनता की इच्छा को अभिव्यक्त करता है, को सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज कर देने जैसी घटना विश्व में कहीं नहीं होती है।

अभी तक केन्द्रीय कानून मंत्री किरण रिजीजू ही प्रधानमंत्री की सोच को दर्शाते हुए आए दिन कोलीजियम के खिलाफ बयानबाजी कर रहे थे और अब उपराष्ट्रपति भी इसमें कूद पड़े हैं। यह गंभीर मसला है क्योंकि यह आपत्ति एवं संवैधानिक अथॉरिटी की तरफ से आई है? यह स्पष्ट हो गया है कि मोदी सरकार ने कोलीजियम मसले पर संघर्ष तेज करने का मानस बना लिया है और संविधान के दो स्तम्भो के बीच तीखी लड़ाई देखने को मिल सकती है।

- धनखड़, संसद द्वारा पारित नैशनल ज्यूडिशिअल अपॉइन्टमैंट कमिशन विधेयक का जिक्र कर रहे थे, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक बता कर रद्द कर दिया था।
- यह सख्त टिप्पणी, एल.एम. सिंघवी मैमोरियल व्याख्यान समारोह में उपराष्ट्रपति धनखड़ ने मुख्य न्यायाधीश चन्द्रचूड़ की मौजूदगी में मंच से की।
- धनखड़ के अनुसार, इस संविधान संशोधन विधेयक को, लोकसभा व राज्यसभा ने सर्वसम्मति से पारित किया था।
- धनखड़ ने यह भी कहा कि, जनता के सोच व आवाज को सुप्रीम कोर्ट द्वारा रद्द करने के गंभीर मुद्दे पर संसद ने चुप्पी कैसे साध ली, यह एक आश्चर्यजनक बात है।

उपराष्ट्रपति ने सी.जे.आई. (चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया) डी. वाय चन्द्रचूड़ की मौजूदगी में कहा कि यह कही नहीं कहता कि एक प्रस्ताव ध्वस्त हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जब कानून का महत्वपूर्ण विषय हो तो उसको कोर्ट देख सकता है उन्होंने संविधान के प्रावधानों का हवाला दिया।

दिल्ली में एल.एम. सिंघवी स्मृति व्याख्यान में उपराष्ट्रपति संविधान की प्रस्तावना का उल्लेख करते हुए कहा कि उसमें लिखा है ''हम भारत के लोग'' और संसद जनता की इच्छा को दर्शाती है इसका अर्थ है कि सत्ता जनता में उनके

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राजस्थान सीमा पर भारत जोड़ो यात्रा की अगवानी करेंगे पायलट और डोटासरा

## स्टीयरिंग कमेटी की बैठक के कारण मुख्यमंत्री दिल्ली में होंगे, इस अवसर पर। यात्रा के विश्राम के कारण राहुल गांधी भी जाएंगे कमेटी की बैठक में शामिल होने

जयपुर, 3 दिसम्बर (का.प्र.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का मध्यप्रदेश चरण शनिवार को समाप्त हो गया और रविवार दोपहर तक उनकी यात्रा राजस्थान सीमा में प्रवेश करेगी। जहां पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित मंत्री, विधायक और अन्य नेता अगवानी करेंगे। इसके बाद यात्रा वहीं मध्य प्रदेश राजस्थान सीमा पर एक खेत में विश्राम करेगी।

यात्रा में लोगों को पहुंचने का आ ान करते हुए सचिन पायलट ने एक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें वे बच्चों तथा अन्य लोगों के साथ भारत जोड़ो यात्रा लिखी टी-शर्ट पहन कर दौड़ रहे हैं। वीडियो में पायलट सभी से कह रहे हैं कि ''हम भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हो रहे हैं, क्या आप भी यात्रा में शामिल होने के लिए पहुंच रहे हैं।'' सचिन पायलट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

यात्रा की अगवानी के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मौजूद नहीं होंगे, क्योंकि मुख्यमंत्री दिल्ली में रविवार शाम होने वाली कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली होंगे। वही यात्रा के विश्राम के दौरान राहुल गांधी भी स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में भाग लेने दिल्ली जाएंगे। उनके साथ ही राजस्थान से हरीश चौधरी, रघुवीर मीणा, रघु शर्मा और भंवर जितेंद्र सिंह भी स्टीयरिंग कमिटी बैठक में सम्मिलित होंगे। इसके बाद राहुल गांधी रविवार रात या सोमवार सुबह तक वापस भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ जाएंगे और सोमवार से यात्रा का राजस्थान चरण शुरू हो जाएगा।

- राजस्थान का प्रभारी पद छोड़ने की इच्छा जता चुके माकन भी शामिल होंगे स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में।
- इधर पायलट ने वीडियो जारी कर भारत जोड़ो यात्रा में लोगों से शामिल होने का आव्हान किया।

नवनिर्वाचित कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में कांग्रेस की स्टीयरिंग कमेटी की पहली बैठक होने जा रही है। इस बैठक में कांग्रेस अधिवेशन बुलाए जाने पर चर्चा संभावित है। इस अधिवेशन के जरिए कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्यों का निर्वाचन होना है इस निर्वाचन के बाद ही कांग्रेस की कार्यकारिणी का गठन होगा। स्टीयरिंग कमेटी की इस बैठक में राजस्थान के प्रभारी पद छोड़ने की इच्छा जता चुके अजय माकन भी सम्मिलित होंगे माकन द्वारा चिट्ठी लिखे जाने के बाद पहली बार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और माकन का इस बैठक में आमना-सामना होगा।

इधर राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा की अगवानी के लिए मंत्री, विधायकों सहित सभी नेता शनिवार देर रात तक झालावाड़ पहुंच चुके हैं। जिन मंत्रियों को विभिन्न कमेटियों की जिम्मेदारी दी गई है, उन्होंने भी वहां पहुंच कर व्यवस्थाओं को संभाल लिया है।

# इज़राइल के राजदूत ट्रोल हुए

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर। इसे भारतीय फिल्म कश्मीर फाइल्स पर इज़राइल के फिल्म निर्माता नादाव लापिड की टिप्पणियों पर जवाबी हमले के रूप में देखा जा रहा है। भारत में इज़राइल के राजदूत नाओक गिल्सन सोशल मीडिया पर ट्रोल आर्मी का निशाना बने। ट्रोल्स में एडोल्फ हिटलर को एक महान व्यक्ति बताते हुए यहूदियों के संहार का समर्थन किया गया।

- भारतीय ट्रोल्स ने हिटलर को महान बताया और कहा कि, उसने यहूदियों का संहार करके सही किया था।

लेकिन विडम्बना यह है कि गिल लापिड की टिप्पणियों की ट्विटर पर तुरन्त प्रभाव से भर्त्सना करते हुए गिल्सन ने लिखा कि लापिड ने जजों के पैनल की अध्यक्षता के भारतीय आमंत्रण का सबसे बुरे अंदाज में निरादर किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में अतिथि भगवान के समान होता है। आपने आई.एफ.एफ.आई. गोवा में जजों के पैनल की अध्यक्षता के भारतीय आमंत्रण के साथ ही उनके उस विश्वास, आदरभाव और अतिथि सत्कार को भी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आज दिल्ली निगम के चुनाव

## दिल्ली की तीन नगर निगमों को एकीकृत करने के बाद यह पहला चुनाव है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर। रविवार को होने जा रहे दिल्ली नगर निगम के चुनावों में तीन पार्टियों के बीच कड़ी टक्कर है। हालांकि तीनों नगरपालिकाओं, जिनका अब एक में विलय हो चुका है, पर शासन करने वाली भाजपा इस बार अपनी जीत को लेकर संशय में है।

दिल्ली विधानसभा में बहुमत प्राप्त आम आदमी पार्टी (आप) और पहले दिल्ली पर राज कर चुकी कांग्रेस, दोनों ही सत्ता हथियाने के भरसक प्रयत्न कर रहे हैं। भाजपा को आप के बजाए कांग्रेस से खतरा अधिक महसूस हो रहा है। सभी अपनी जीत को लेकर आशान्वित हैं।

नगर निगम चुनावों के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है, चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है।

दिल्ली पुलिस ने रविवार को चुनाव ड्यूटी के 40,000 पुलिसकर्मी तैनात किए है। इसके अलावा पड़ौसी राज्यों राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से होमगार्ड के 20,000 जवान मांगे गए हैं।

दिल्ली के कुल 13 हजार पोलिंग बूथ बनाए गए है और जिनमें 1.45 करोड़ लोग मतदान करेंगे उन में से 3,000 पोलिंग बूथ संवेदनशील श्रेणी के हैं।

एक अधिकारी ने कहा ''हम किसी भी अज्ञात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।'' केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 108 कम्पनियां और राज्य पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा ताकि चुनाव शांति से निपट जाएं।

- चुनाव में भाजपा, कांग्रेस को अपना मुख्य प्रतिद्वंदी मान रही है, न की आप को।
- भारी सुरक्षा व्यवस्था की गयी है मतदान के दिन। ड्रोन का इस्तेमाल होगा, भीड़ पर निगाह रखने के लिये।
- मतदान की पूर्व संध्या पर प्रशासन ने हथियारों की सप्लाई करने वाले संगठित माफिया के सरगना को सप्लाई के साथ गिरफ्तार किया।

उन्होंने कहा कि सारा फोकस मतदान केन्द्रों पर होगा, जिनका चुनावी हिंसा का लम्बा इतिहास रहा है। अधिकारी ने कहा, ''हमने संवदेनशील क्षेत्रों में मजबूत सुरक्षा की है। यहां हम ड्रोन से भी निगरानी करेंगे।'' पता चला है कि हरेक जिले के ज्यादा भीड़ वाले क्षेत्रों में 5-6 ड्रोन से निगरानी की जाएगी। पुलिस ने किसी भी खतरे का मुकाबला करने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। अधिकारी ने बताया, ऐसे अवसरों पर दिल्ली पुलिस चौकसी बढ़ा देती है। हमने अपनी उपस्थिति बढ़ा दी है। दिल्ली पुलिस कम्युनिटी पुलिस को भी सक्रिय कर दिया है जो पुलिस के आंख, कान होते है। क्षेत्र के लोग अपने क्षेत्र में किसी भी असामाजिक घटना की जानकारी पुलिस को देंगे। शुक्रवार 5 बजे से रविवार तक शराब की बिक्री पर पूर्ण पाबंदी लगाई गई है और सीमा पार से असामाजिक तत्वों के आगमन या शराब की सप्लाई पर भी निगरानी रखी जा रही है।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सैल ने दिल्ली के एक अन्तर्राष्ट्रीय फायर आर्म्स सिंडीकेट का भंडाफोड किया और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'रीट पेपर लीक जांच सी.बी.आई. को दी जाए'

अजमेर, 3 दिसम्बर (कासं)। पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (रीट) के पेपर लीक मामले में केवल लीपापोती की। एस.ओ.जी. (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) की जांच कहां तक पहुंची, यह आज तक किसी को भी पता नहीं है।

- पूर्व शिक्षा मंत्री और मौजूदा विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा कि, रीट पेपर लीक हुए एक साल हो गया है, अब पता चला है कि आर.पी.एस.सी. के उप सचिव ने इसमें पास कराने के 30 लाख रू. मांगे थे, अगर सी.बी.आई. को जांच सौंपी जाए तो और भी बड़े नाम सामने आ सकते हैं।

अब राजस्थान लोक सेवा आयोग के उप सचिव सत्यनारायण शर्मा द्वारा रीट में पास कराने की एवज में तीस लाख रूपए लेने का ताजा मामला सामने आया है, जिससे यह संदेह होता है कि रीट प्रकरण में कई लोग जुड़े हुए हैं।

देवनानी ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि जब तक रीट कराने वाली एजेंसी राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डी.पी. जारोली और अन्य लोगों के राजनीतिक संरक्षण की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# यूक्रेन युद्ध के शीघ्र समाप्त होने की संभावना ध्वस्त हुई

## पुतिन ने अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन के वार्ता के प्रस्ताव को अस्वीकार किया

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर। रूस-यूक्रेन विवाद के जल्दी समाधान में लगे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के नेतृत्व वाले एवं युद्ध से थक चुके पश्चिमी देशों को पुतिन की तबियत खराब होने की अफवाहों के बावजूद एक झटका लगा है। क्रैमलिन ने यह जता दिया है कि यूक्रेन में उसके इन्फ्रास्ट्रक्चर पर बार-बार हो रहे हमलों का कठोरता से मुकाबला किए जाने के बावजूद पुतिन के साथ संभावित बातचीत के लिए बाइडन की शर्तों को अनिवार्य नहीं माना जाएगा।

- क्रैमलिन के प्रवक्ता डिमित्री पेस्कोव ने बाइडन के प्रस्ताव के संदर्भ में यह भी कहा कि, पुतिन विचारों के आदान-प्रदान के बारे में खुला दिमाग रखते हैं, अगर इस विचार-विमर्श में रूस के राष्ट्रीय हितों को कोई खतरा न पहुंचे।
- जर्मनी के चांसलर सोल्स के फोन करने पर पुतिन ने एक घंटे टेलीफोन से बात की और कहा कि, पश्चिमी देश अपनी वित्तीय व सैन्य सामग्री यूक्रेन को देकर एक विध्वंसकारी रूख अपनाये हुए हैं। और यूक्रेन द्वारा रूस की सीमा के अंदर की जा रही गोलाबारी के कारण, अब यह जायज हो गया है कि, रूस यूक्रेन की बिजली, पानी के आधारभूत ढांचे पर बम वर्षा करे।
- रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका के पुराने सैक्रेटरी ऑफ स्टेट, जान केरी का नाम लेकर कहा, ऐसे व्यक्ति की आवश्यकता है, क्योंकि वे पहले भी कई बार बातचीत से इस तरह की कई समस्याएं सुझला चुके हैं।

बाइडन ने यह कहते हुए पुतिन को दो तरफा बातचीत का ऑफर दिया था कि यदि वह युद्ध की समाप्ति के इच्छुक हैं तो ऐसा किया जा सकता है।

क्रैमलिन प्रवक्ता दमित्री पेस्कीन ने वाइट हाउस द्वारा दिए गए ऑफर की प्रतिक्रिया में स्पष्ट किया है कि यदि रूस के राष्ट्रीय हितों को खतरा उत्पन्न ना हो तो पुतिन बातचीत के लिए तैयार हैं।

लेकिन वार्ताएं होने की संभावना नहीं है क्योंकि बाइडन की यह मांग कि पुतिन की सेना यूक्रेन से बाहर निकल जाए, रूस को स्वीकार्य नहीं है।

क्रैमलिन द्वारा यूक्रेन में चार क्षेत्रों पर सितम्बर माह में अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया था और इसकी अन्तर्राष्ट्रीय निंदा भी हुई थी। इनके संदर्भ में पेस्कोव ने कहा कि ''अमेरिका अब भी रशियन फैडरेशन के नए क्षेत्रों को मान्यता नहीं दे रहा है। इससे परस्पर वार्ता का आधार तलाशने में मुश्किल आ रही है।।

पुतिन ने जर्मनी के चांसलर ओलाफ सोल्स के साथ शुक्रवार को फोन पर बात की, जिसमें उन्होंने यूक्रेन में रूस की सैन्य कार्यवाही का पुरजोर पक्ष लिया। इस कारण वॉशिंगटन के साथ वार्ता निरस्त हो गई। बर्लिन ने कहा कि फोन पर एक घंटे तक हुई बातचीत में जर्मनी के नेता ने पुतिन से अनुरोध किया कि वह इसका कोई कूटनीतिक समाधान ढूंढें जिसमें रूस की सेनाओं को यूक्रेन से जितना जल्दी संभव हो बाहर निकालना शामिल है।

क्रैमलिन ने कहा कि जर्मनी ने ही फोन पर बातचीत की पहल की थी और पुतिन ने बर्लिन से आग्रह किया था कि वह यूक्रेन के घटनाक्रमों के संदर्भ में अपने रूख पर पुनर्विचार करें। क्रैमलिन ने आगे कहा कि राष्ट्रपति पुतिन ने जर्मनी सहित पश्चिमी देशों के विध्वंसक सैन्य विन्यास की ओर ध्यान आकृष्ट किया और कीव ने भी वार्ता के विचार को पूर्ण निरस्त कर दिया।

क्रैमलिन के बयान के अनुसार पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देश वित्तीय और सैन्य सहयोग देकर यूक्रेन में विध्वंसक नीतियां अपना रहे हैं और इसी का परिणाम है कि कीव ने वार्ताओं के विचार को निरस्त कर दिया।

पर कई हफ्तों तक रूस के हमलों का समर्थन करते हुए कहा कि ये हमले अधिग्रहित क्रीमिया प्रायद्वीप से रूस को जोड़ने वाले एक अहम ब्रिज सहित रूस पर यूक्रेन के हमलों की एक तर्क संगत प्रतिक्रिया थी।

पुतिन ने इस आरोप को पूर्णतया नकार दिया कि यूक्रेन में एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर पर रूस के हमलों से वहां के लोग कड़ाके की ठंड में पानी-बिजली से वंचित हो गए। इसको लेकर मॉस्को पर आरोप लगाने में पश्चिमी देश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'बाल वाटिका प्री प्राइमरी क्लासेज़'

बीकानेर, 3 दिसम्बर (कासं)। राज्य के 925 महात्मा गांधी स्कूलों में इसी शिक्षा सत्र से प्री-प्राइमरी क्लासेज शुरू की जायेंगी। इनमें बीकानेर जिले के 30 स्कूल शामिल हैं। इन क्लासेज़ में एडमिशन के लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने कार्यक्रम जारी कर दिया है। प्री-प्राइमरी की कक्षाएं 6 जनवरी से शुरू होंगी। कार्यक्रम के अनुसार एक दिसम्बर से एडमिशन के लिए विज्ञप्ति जारी की जायेगी। इसके साथ ही दो दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक आवेदन लिए जायेंगे। प्रवेश के लिए मिले आवेदनों की लिस्ट 16 दिसम्बर को

- राज्य सरकार के 925 महात्मा गांधी इंग्लिश स्कूलों में बाल वाटिका प्री प्राइमरी क्लासेज़ शुरू करने की घोषणा की गई है। कक्षाएं 6 जनवरी से शुरू होंगी और इसके लिए 15 दिसंबर से आवेदन लिए जाएंगे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

विद्या के अलावा और कोई ज्ञान नहीं है। –थामस फुलर

# संहिताओं, शोध व अनुभव पर आधारित 25 जीवनोपयोगी सुझाव

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2021-2030 के दशक को यूनाइटेड नेशंस डिकेड ऑन हेल्दी एजिंग के रूप में घोषित किया है। साथ ही इसी दौरान यूनाइटेड नेशंस डिकेड ऑन इको सिस्टम रेस्टोरेशन भी घोषित किया गया है। यह सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने का दशक भी है। इस प्रकार पृथ्वी का स्वास्थ्य और मानव का स्वास्थ्य तथा विश्व का सतत विकास एक साथ ध्यान में रखे गए हैं। आज की चर्चा स्वस्थ दीर्घायु हेतु सुझावों पर है।

ग्लोबल बर्डन ऑफ़ डिजीज स्टडी 2019 के अनुसार रिस्क फैक्टर्स और उनके अलग-अलग स्तर हैं जिनके आधार पर 87 मुख्य जोखिम-कारकों की पहचान की गयी है। इसके साथ ही 369 प्रकार की बीमारियों और चोटों की पहचान और दुनिया भर में होने वाले मृत्यु में उनका योगदान भी आँका गया है। व्यक्तिगत स्तर पर आदत बदलने के लिये 369 प्रकार की बीमारियों और 87 मुख्य जोखिमों पर हम अलग-अलग ध्यान नहीं दे सकते और ना ही सभी जोखिम बदल सकते। आयुर्वेद तीन सार्वभौमिक सिद्धांत (प्रज्ञापराध, असात्म्येन्द्रियार्थसंयोग, परिणामकाल) और उनके आधार पर जीवन और मृत्यु के मध्य सात रक्षा-दीवारें-आहार, विहार, सद्वृत्त, स्वस्थवृत्त, पंचकर्म, रसायन और औषधियां-सुझाता है जिससे सभी परिवर्तन-योग्य जोखिमों को दूर रखा जा सकता है।

अनेक जोखिम कारकों की एक साथ उपस्थिति हो तो बचाव के उपाय भी बहु-आयामी होना आवश्यक है। आयुर्वेद की संहिताओं, समकालीन शोध और अनुभवजन्य ज्ञान को एकीकृत करते हुये प्रमाण-आधारित 25 ऐसे सुझाव दिये जा रहे हैं जिन्हें हम अपनी और बच्चों की आदतों में समाहित कर सकते हैं। इनमें से प्रत्येक सुझाव चरकसंहिता, सुश्रुतसंहिता, अष्टांगहृदय सहित आयुर्वेद के महत्वपूर्ण शास्त्रों के चयनित अंशों आधारित या प्रेरित है, हालांकि संहिता सन्दर्भ पृथक से यहाँ नहीं दिये गये हैं। दिसम्बर 2022 तक प्रकाशित शोधपत्रों, क्लिनिकल ट्रायल्स, सिस्टेमेटिक रिव्यू व मेटा-एनालिसिस के निष्कर्षों को भी प्रमाण-आधार के रूप में लिया गया है। यहाँ पर विश्लेषण, तर्क और व्याख्या ना देते हुये संक्षेप में सीधे सुझाव ही दिये गये हैं।

1. आहार – आरोग्य भोजन के अधीन होता है। भोजन को 3 बार से ज्यादा अग्नि में नहीं जाना चाहिये: खेत पर सूर्य की अग्नि में, फिर पाकशाला की अग्नि में और तीसरी बार जठराग्नि। भोजन के सम्बन्ध में उपयोगी आदतें निम्नानुसार हो सकती हैं।

1.1. सर्व-रस भोजन: भोजन में मधुर, अम्ल, लवण, कटु, तिक्त, व कषाय सभी रस वाले खाद्य पदार्थ होना चाहिये। प्रतिदिन कम से कम 25 से 30 तरह के पौधों के अंश भोजन में शामिल करना चाहिये। भोजन पकाने में हल्दी, जीरा, धनिया, लहसुन, दालचीनी, तेजपात, मेथी, लौंग, कालीमिर्च, सोंठ, इलाइची, सौंफ आदि उपयोग किया जाना चाहिये।

1.2. फल-सब्जियां: भोजन में प्रतिदिन अनार, द्राक्षा, आँवला अवश्य लेना चाहिये। आँवला को प्रतिदिन भोजन का अंग बनाना उपयोगी है सभी रंगों के कम से कम 450 ग्राम फल और सभी रंगों की 500 से 800 ग्राम सब्जियों भोजन में होना उपयोगी है।

1.3. सूखे-मेवे: भोजन में विविध रंगों के 30 ग्राम या लगभग एक मुट्ठी सूखे मेवे (नट्स) लेने की आदत स्वास्थ्य के लिये हितकर है।

1.4. घी-दूध: घी और दूध रसायन हैं, इन्हें नियमित भोजन में अवश्य लेना चाहिये। लेकिन घी खाने का अधिकार उन्हें ही है जो अपने बल के आधे तक नियमित प्रतिदिन व्यायाम करते हैं, सदासन जीवन-शैली (सीडेन्टरी लाइफस्टाइल) से बचते हैं, ठूँस-ठूँस कर नहीं बल्कि मात्रापूर्वक ही खाते हैं, और कालभोजन करते हैं।

1.5. नमक, चीनी व परिष्कृत अनाज से बचाव: नमक और चीनी कम मात्रा में ही खाने की आदत डाल लेना चाहिये। बहुत ज्यादा नमक व्याधिक्षमत्व कम करता है और न्यूरोडिजनरेशन व डिमेंशिया बढ़ाता है। परिष्कृत अनाज, स्टार्च, शक्कर, नमक, कृत्रिम पेय, और ट्रांस-वसा युक्त खाद्य में कमी करना चाहिये। कृत्रिम पेय नहीं बल्कि पुदीना, जीरा, कालीमिर्च और सैन्धव लवण मिला हुआ छाछ पीने की आदत डाल लेना उपयोगी है।

1.6. कालभोजन: जब भूख लगी हो अर्थात जब पहले खाया हुआ खाना पूरी तरह से पच गया हो तभी उचित मात्रा में, हितकारी भोजन, दिन में अधिक से अधिक दो बार (सुबह और शाम) अपनी पाचन शक्ति के अनुरूप भोजन लेने की आदत डाल लेना चाहिये। नियत काल या समय पर भोजन करना-नकि जब इच्छा हो तब दिन भर खाते रहना-आरोग्य देने में श्रेष्ठ है।

1.7. उपवास: स्वस्थ लोग सप्ताह में एक दिन वास्तविक उपवास (दिन भर खाते न रहने वाला उपवास) रख सकते हैं, लेकिन शाम को ठूंस-ठूंस खाकर उपवास की भरपायी करने से उपवास का लाभ नहीं मिलता। कालभोजन निर्विवाद रूप से परम आरोग्यकारी है और उपवास की विविध रणनीतियों में ही गिना जाता है।

2. विहार – स्वस्थ जीवनशैली समस्त-कारणों से मृत्यु दर में कमी लाती है। अत: निम्नानुसार आदतों को जीवन में शामिल कर लेना उपयोगी रहता है:–

2.1.बलार्ध-व्यायाम: बच्चों और किशोरों को प्रतिदिन कम से कम 60 मिनट व्यायाम अवश्य करना चाहिये, जिसमें चलना-फिरना, उछल-कूद और धमा-चौकड़ी आदि इस प्रकार शामिल हों कि शरीर के प्रत्येक अंग का व्यायाम हो जाये। वयस्कों को सप्ताह में 150 से 300 मिनट तक सर्वांग व्यायाम आवश्यक है। व्यायाम बूढ़ों के लिये भी आरोग्यदायी है। व्यायाम पर वर्ष 2020 में विश्व स्वास्थ्य संगठन की नई गाइडलाइन्स सहित एक मिलियन रिसर्च पेपर्स के बाद भी महर्षि-वैज्ञानिक आचार्य चरक और महर्षि-वैज्ञानिक आचार्य सुश्रुत का यह सिद्धांत नहीं बदला कि नियमित व्यायाम स्वास्थ्य के लिये परम उपयोगी और आवश्यक है, परन्तु व्यायाम प्रत्येक व्यक्ति द्वारा अपने बल के आधे तक ही किया जाना चाहिये, ज़्यादा नहीं।

> **स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं देना, व्यस्तता के कारण चिंतित, भयाक्रांत और तनाव में रहना, बैठे रहने की आदत, शारीरिक व्यायाम नहीं करना, अधारणीय वेगों को रोकना, कालभोजन के बजाय जब मन आये तब खाते रहना, और असमय व अनियमित आहार-विहार हमेशा के लिये बीमार कर देते हैं। अमर होने की कोई गारंटी नहीं है किन्तु यहाँ दिये गये सूत्र जीवन में स्वास्थ्य, दीर्घायु और प्रसन्नता देने में सहायक हो सकते हैं।**

2.2. सत्त्वावजय व योग: प्रतिदिन 60 मिनट योगासन, प्राणायाम और ध्यान शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिये उपयोगी हैं। योग की शक्ति का प्रयोगकरते हुये अहितकारी विषयों से मन को हटाने और हटाये रहने की क्रिया सत्त्वावजय है।

2.3. सूर्य-स्नान: सूर्य की रोशनी से रोगों को दूर रखने की विद्या भारत की सर्वाधिक प्राचीन नॉन-फार्मास्यूटिकल दखल में से एक है। दिन में किरणों की तीव्रता का ध्यान रखते हुये 30 से 40 मिनट सूर्य की किरणों का स्नान करना चाहिये।

2.4. प्रकृति-अनुभव व वनानुभव: व्यायाम या योग करते समय और कार्य के बीच में जैसा भी संभव हो ग्रीन-स्पेस, पार्क्स या गार्डन्स और हरियाली में प्रतिदिन कुछ समय बिताना लाभदायक है। यदि प्रतिदिन संभव ना हो तो सप्ताह में दो घंटे वनों, उपवनों, नदी, झील आदि के सानिध्य में तो बिताना ही चाहिये।

2.5. आस्यासुख, सदासन और स्वप्नसुख से बचाव: बैठे रहने का सुख, सदैव आसन पर जमे रहना, खूब सोने का सुख लेना ऐसी आदतें हैं जिन्हें कभी आने नहीं देना चाहिये। दिन में कार्य करते समय लम्बे समय तक बैठे नहीं रहना चाहिये, 30 से 40 मिनट में उठकर हल्का-फुल्का व्यायाम करने की आदत डाल लेना चाहिये।

2.6. दीर्घ-सूत्रता व टाल-मटोल से बचाव: कार्यों को टालते रहना और बाद में भगदड़ करने वाले लोगों की जीवनशैली रोगजननकारी होती है, अत: व्यक्तिगत जीवन और कार्यस्थल से जुड़े सभी कार्य नियत समय पर करते रहना चाहिये।

2.7. सम्यक निद्रा: वयस्कों को रात में सात घंटे की निर्बाध नींद अनिवार्य है, लेकिन आठ घंटे से अधिक समय तक नहीं सोना चाहिये। इन्टरनेट और टेलीविज़न की लत ले कारण निद्रानाश हो जाता है। सोने और जागने का समय तय कर लेना उपयोगी है। रात में जल्दी सोना और प्रात: जल्दी उठने की आदत आरोग्यकारी है।

3. सद्वृत्त -- समाज और स्वयं के साथ हमारे अच्छे व्यवहार या सदाचरण स्वस्थ रहने के लिये आवश्यक हैं। सद्वृत्तों का मूल उद्देश्य ईमानदारी, भावनात्मक स्थिरता, मजबूत सामाजिक संबंध, अकेलापन में कमी, लचीलापन, दृढ़ता, आशावाद, आत्म-सम्मान, परोपकार, करुणा और आत्म-नियंत्रण पैदा करना है। सद्वृत्तों का पालन न करने से ऐसी आदतों का खतरा बढ़ जाता है जो व्याधिक्षमत्व का क्षय तथा अस्वस्थ कर देती हैं और आयु को कम करती हैं। सद्वृत्त पालन से आरोग्य-प्राप्ति व इन्द्रिय-नियंत्रण एक साथ होते हैं। अत: इनका निम्नानुसार पालन आवश्यक है:–

3.1. शिक्षा: तत्त्वावबोध, उच्च शिक्षा, कौशल और नवाचार का प्रसन्नता और स्वास्थ्य में ठोस योगदान होता है। शिक्षा प्राप्त करने में पूरी दम लगाइये। स्वयं की सामर्थ्य में बढ़ोत्तरी स्वस्थ और सुखी जीवन प्रदान करती है।

3.2. आत्म-नियंत्रण: इन्द्रियजय का स्वास्थ्य और प्रसन्नता में बड़ा योगदान है। कठिन परिस्थितियों में भी आत्म-नियंत्रित रहने की आदत डालना उपयोगी है।

3.3. कर्तव्य-पालन: धर्म्या: क्रिया का स्वास्थ्य और प्रसन्नता में योगदान है। व्यक्ति के पति, पिता, भाई, पुत्र, पत्नी, माता, बहन, पुत्री, मित्र आदि होने के नाते जो भी कर्तव्य बनते हैं उनका निर्वाह करना प्रसन्नता और स्वास्थ्य के लिये आवश्यक शर्त है।

3.4. सुखी और हितकारी जीवन: सुखी रहिये और लोगों को सुखी रहने में भरपूर मदद करिये। शांति सबसे बड़ा पथ्य है। जीवन की पूर्णता अंतत: व्यक्तिगत सुख-प्राप्ति, सद्भावनापूर्ण सामाजिक और पर्यावरणीय जुड़ाव और जीवन की व्यापक सार्थकता में निहित है। प्रसन्न रहना उपयोगी है क्योंकि विषाद से व्याधिक्षमत्व घटता है व रोग बढ़ता है।

3.5. सदाचार: सत्य, प्राणियों के प्रति दया, दान, त्याग, आध्यामिकता, सद्वृत्त का पालन, शांति और भली प्रकार से आत्मरक्षा, हितकारी स्थलों में जाकर रहना, लोगों की सेवा, जितेन्द्रिय महर्षियों का सानिध्य, श्रेष्ठ साहित्य का पठन-पाठन, नियत-कर्तव्यों का पालन, सात्विक और सम्मानित दोस्तों के साथ उठना-बैठना सदैव उपयोगी हैं।

4. स्वस्थवृत्त-- दिनचर्या, रात्रिचर्या और ऋतुचर्या से जुड़े अनेक विषय स्वस्थवृत्त में समाहित हैं। उनमें से सर्वाधिक महत्वपूर्ण पर कुछ सलाह यहाँ दी गयी हैं।

4.1. दिनचर्या: सोने, सुबह जागने, मल-विसर्जन, स्वच्छता, अभ्यंग, खान-पान, रहन-सहन, आवाजाही, उठना-बैठना, मुंह, दांतों, आँखों, नाक, कान और त्वचा की देखभाल, सफाई प्रक्रिया में एक लयबद्धता लाकर प्रतिदिन नियत समय पर करना उपयोगी है। ये सब क्रियाकलाप सर्कैडियन रिद्म के साथ तारतम्य बनाते हुये स्वस्थ रखते हैं और उम्र-आधारित रोगजनन भी रोकते रहते हैं।

4.2. अभ्यंग: हल्के गुनगुने महानारायण तेल या तिल तेल या अन्य उपलब्ध बॉडी-आयल से नियमित अभ्यंग उम्र के साथ होने वाले रोग परिवर्तनों को विलंबित करने में उपयोगी है तथा दोषों के संतुलन को पुनर्स्थापित करते हुये दीर्घायुव स्वास्थ्य प्रदान करता है।

4.3. नस्य: प्रत्येक सुबह और घर से बाहर निकलते समय अणु तेल, तिल तेल या घी की कुछ बूंदों को नासाछिद्रों में लगाना (प्रतिमर्श नस्य लेना) उपयोगी है। यह संक्रमण में कमी लाता है और स्वास्थ्य के अनेक लाभ देता है।

4.4. कवल-गन्डूष: प्रतिदिन सुबह मुंह में आधा चम्मच तिल का तेल लेकर 5 से 10 मिनट तक घुमाते रहना और फिर बाहर फेंककर साफ़ जल से कुल्ला करना उपयोगी है। इस क्रिया को कवल-गन्डूष कहा जाता है। इसके अनेक स्वास्थ्य लाभ हैं। ध्यान दीजिये, इस क्रिया में मुंह में रखा और घुमाया गया तेल पीना नहीं, बाहर फ़ेंक देना है।


4.5. वेगों को रोकने से बचाव: अनारोग्य अर्थात शारीरिक और मानसिक रोगों को उत्पन्न करने वाले कारणों में मल-मूत्र आदि के वेगों को धारण करना सर्वाधिक खतरनाक है। मूत्र, मल, वीर्य, अपान वायु, उल्टी, छींक, डकार, जम्हाई, भूख, अश्रु, निद्रा और श्रम के बाद नि:श्वास ऐसे वेग हैं जिन्हें दबा कर रखना स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है।

5. पंचकर्म, रसायन और औषधियां – पंचकर्म स्वास्थ्य रक्षण और चिकित्सा दोनों में ही परम उपयोगी है किन्तु चिकित्सकीय देखरेख बिना संभव नहीं है। इसी प्रकार रसायन और औषधियों को भी चिकित्सकीय देखरेख में ही लेना चाहिये, तथापि भारतीय घरों की रसोई में अनेक रसायन युगों से प्रयुक्त हो रहे हैं। भोजन के साथ समुचित मात्रा में हल्दी, आँवला, शुंठी, त्रिफला, तुलसी, दालचीनी, पुदीना, शहद, द्राक्षा, अनार आदि लेना स्वस्थ व्यक्ति को स्वस्थ रखने, व्याधिक्षमत्व बढ़ाने एवं उम्र-आधारित रोगजनन रोकने में सहायक हो सकता है।

शारीरिक और मानसिक रोगों के तमाम परिवर्तनीय जोखिम कारक आयुर्वेद की जीवनशैली से संभल सकते हैं। स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं देना, व्यस्तता के कारण चिंतित, भयाक्रांत और तनाव में रहना, बैठे रहने की आदत, शारीरिक व्यायाम नहीं करना, अधारणीय वेगों को रोकना, कालभोजन के बजाय जब मन आये तब खाते रहना, और असमय व अनियमित आहार-विहार हमेशा के लिये बीमार कर देते हैं। अमर होने की कोई गारंटी नहीं है किन्तु यहाँ दिये गये सूत्र जीवन में स्वास्थ्य, दीर्घायु और प्रसन्नता देने में सहायक हो सकते हैं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय,**
**( इंडियन फारेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं। )**

# आबाद दुपहरी



डॉ. श्रीगोपाल काबरा

हवेली की दुपहरी। भीतर का जनाना चौक, आंगन। खुला आकाश। आंगन के चारों और कमरों की कतार। कमरों के बाहर मेहाराब दार तीन खम्बों की तिबारियां, चौबारे। दीवारों पर उकेरे रंगीन बेल-बूंटे, मांडने, पशु-पक्षी, देवी-देवताओं के चित्रों से अटा आंगन जैसे एक विशाल खुशनुमा कमरा हो। हमारे चार दादाओं का संयुक्त परिवार। दिन की झपकी ले महिलायें कमरों से निकल आसन बिछा तिबारियों में आ बैठतीं। होथों में सिलाई-बुनाई, चांदी के सलमा सितारो की बेल-बूंटी बनाती, अनाज बीनत-फटकती, सिलाई मशीन चलाती, बतियाती, हंसी ठिठोली करती मां, बेटियां, बहुएं। अपनी साल के बाहर या पोल में पीढे पर बैठी बड़ी दादी। दुच्छतियों में सांप-सीढी, लूडो, केरम, गुड्डा-गुडडी खेलते झगड़ते बच्चे। खुले दरवाजे से आंगन में आये गुटरगू करते कबूतर, चींची करती गौरैया।

मोटी थुलथुल धोबन मां आती, कपड़े गिन कर सौंपती, लेती। कालर-कौने पर बने काले निशानों से पहचानती कौनसा किसका है। गांव जहां की खबरे सुनाती बतियाती। उसे राजस्थानी कहावते बहुत याद थी। बात बात पर सुनाती। "अभागिया टाबर त्यूंहार न रूसे", "अक्कल बिना ऊंट उभाणा फिरं", "आपकी मां ने डाकण कुण बतावै", "धण जाय जिण रो ईमान जाए", "एक घर तो डाकण भी टाले", "घर फाट्या रावण मरै", "चिड़ा चिड़ी री कांई लड़ाई, चाल चिड़ा मैं लारै आई" और ठाकर सताई "ठाकर गया'र ठग रहया, रहया बाट्यां का चोर, बै ठुकाराण्यां मर गई, जै ठाकर जणती और"। (आज के राज नेताओं पर कितना सटीक)

जोसण मां आती। अंदर चौक में आ सब की कुशल-क्षेम पूछती, आशीष देती और फिर दादी के पास जा कर बतियाती। बहुओं में से कोई बैठने को पीढा दे आती। जोसण मां धाय मां थी, हमारे एक दादा को अपना दूध पिलाया था, अत: परिवार में उनका बड़ी मां का स्थान था।

नायण काकी आती। बेटियों के बाल संवारती, चोटी करती। घर- घर की बाते करती। किसके घर जंवाई आये हैं, जच्चगी के लिए ससुराल से बिटिया आयी है, किसके यहां थाली बजी है या एक और लिछमी आयी है, कौन पेट से है, किसके पांव भारी है। सास बहुओ के झगड़े किचकिच। किस में देवी आयी है, किस में पित्तर आये हैं, किसे भूतनी ने जकड़ लिया है आदि के किस्से सुनाती, मसखरी करती। किस माली की लुगाई भाग कर किसके नाते बैठ गई, किस जाटनी ने अपने दारूड़े पती की जमकर ठुकाई की आदि चटकारे ले कर सुनाती। गांव की महिलायें मिलने को आती तो पूरी पंचायत जुड़ती।

बिसायती आता तो रौनक हो जाती। अपनी लोहे की पेटी में से पुड़िया खोल चमचम, झिलमिल करते सामान सजाता। महिलायें घेर कर बैठती। गोटा, किनारी, लाल-नीली-हरी चीड़ की लड़ियां लेने की होड़ मच जाती। मेले का सा माहोल होता। अगली बार नया कुछ लाने की फरमाइश होती।

लखारण रंग बिरंगी लाख की चूड़ियां लाती, अपने हाथ से पहनाती, बतियाती। क्या माहोल होता था। बच्चों के लिए चटक रंग के गट्टे, पटाटे लाती। अपने लदकद मुस्लिम परिधान में अलग ही नजर आती। कमर से झूलती एक छोटी कपड़े की थैली में सरोता और सुपारी होती। आराम से बतियाते समय निकाल कर छालिया सुपारी की बारीक कतरने कुतरती और मुंह में रखती। इच्छा होती हम भी मांग कर मुंह में रख लें।

बच्चों की भी अपनी दुनिया होती थी। खेलते, झगड़ते, दौड़ते, भागते, धमा चौकड़ी करते। उनसे दुपहरी मुखर रहती। कमरे दुच्छतियों में दुबके उन्हे बुढिया के बाल, बरफ का गोला, मालाई कुल्फी वाले की घंटी की टन्न सुनते ही सब अपनी मां ओं के पास पैसे लेन भागते। पैसे मिलते ही चिल्ला कर दौड़ते, जैसे जंग फतह करली हो। स्कूल से आते तो बस्ता फैंक, कलेवा के लिए दौड़ते। परांठा आचार। कैर, कैरी, गंवार पाठा, नीबू, मिरच। आंगन महकता, लार टपकती। मर्दों के लिए तश्तरियो में शक्करपारे, दिलकसार की बैसन की चक्की, मठरी और चरपरी सेव, बैठक में भेजी जाती। बड़े बच्चे कलेवा कर धानी या भुने चने की चबेना निकर की जेब में डाल, दिन भर के दबाव और वर्जनाओं से मुक्त, खेलने दौड़ते।

दादी के पास बैदजी के बताये कुछ नुस्खे होते। महिलायें बच्चों को ले दवा लेने आती। पेट दर्द मरोड़े के लिए बताशे में दो बूंद अमृतधारा के डाल कर देती। दांत आम जाते, पेट दर्द ठीक हो जाता। मियादी बुखार, मोतीझरा (टाईफाइड) आम था। कोई दवा या इलाज नहीं। बैदजी बुखार की मियाद तक पालर पानी देने को कहते। महिलायें पालर पानी लेने आती। आंखे आने पर गुलाब जल मांग कर ले जाती। जरूरत होने पर गंगा जल भी।

गांव हवेली की आबाद दुपहरी याद आती है। आचारों की महक नथुनों में तारी हो जाती है। ठन्डे परांठे आचार की हूक उठती है। आचार की गुठली चूसने को मन हुलसता है। मुंह पानी से भर जाता है। कलेवा कर वर्जनाओं से मुक्त हो बाहर भागने का मन करता है। धोबन मां की लोकोक्तियां, लखारण की छालिया सुपारी की कतरने याद आती है।

**डॉ. श्रीगोपाल काबरा,**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

# जोधपुर से जालोर पहुंची बरात, शगुन के ग्यारह रूपए लेकर रचाई शादी



**जालोर के राजलक्ष्मी नगर में आयोजित शादी समारोह में बिना टीका लिए शादी की रस्म सम्पन्न हुई।**

**जालोर,** (कासं)। जालोर शहर के राजलक्ष्मी नगर सोनगरा मामाजी मंदिर के पास चंदनसिंह बालावत की पुत्री की शादी में वर पक्ष के पिता दौलतसिंह भाटी ने टीके की राशि ग्यारह लाख पच्चीस हजार रूपये नही लेकर समाज में एक अच्छा संदेश दिया।

राजपूत समाज में शादी के दौरान टीका के तहत वधु पक्ष की ओर से वर पक्ष को राशि दी जाती है। इसके बाद हस्त मिलाप की रस्म पूर्ण होती है। जालोर के पुलिस सेवा से सेवानिवृत हैड कॉनिस्टेबल चंदनसिंह बालावत निवासी बिशनगढ हाल राजलक्ष्मी नगर जालोर में शुक्रवार रात्रि को उनकी पुत्री दिव्यांशी राठौड की शादी सम्पन्न हुई। उस दौरान बरात जोधपुर जिले के बैरू निवासी दौलतसिंह भाटी पुत्र स्व. रामसिंह भाटी के यहां से जालोर पहुंची। शादी में बारात का स्वागत वधु पक्ष द्वारा अच्छा किया गया। तथा शादी समारोह की बैठक में वधु पक्ष की ओर से वर को टीका के रूप में उपहार व राशि दी जाती है लेकिन शुक्रवार रात्रि को आयोजित शादी समारोह में टीका की रस्म के दौरान वर जितेन्द्रसिंह भाटी को वधु के पिता चंदनसिंह द्वारा टीका की राशि ग्यारह लाख पच्चीस हजार रूपये देने पर वर जितेन्द्रसिंह भाटी ने टीके की राशि लेने से इंकार कर दिया तथा केवल मात्र ग्यारह रूपये सुगन के रूप में प्राप्त किये । तथा वर जितेन्द्रसिंह भाटी व वधु दिव्यांशी राठौड ने शुभ मुहूर्त में फेरे लिये।

वर जितेन्द्रसिंह भाटी के स्वयं जोधपुर में ज्वैलर्स की दुकान है तथा उनके पिता दौलतसिंह भाटी सेवानिवृत सैन्य कर्मी होने के साथ वर्तमान में बैंक में केशियर के पद पर कार्यरत हैं । वर के पिता दौलतसिंह ने बताया कि बेटा व बेटी दोनो एक समान है। टीका राशि से हम बेटियों की बोली नही लगा सकते है। एक बाप के उपर टीक के रूप में बोझ देना गलत है। वही वधु के पिता चंदनसिंह ने बताया कि टीका राशि नही लेने से समाज में एक अच्छा संदेश गया।

# परदेसी पावणों के लिए पलक-पांवडे बिछाए लेकसिटी ने

शौर्य और स्वाभिमान की धरा, देश- दुनिया में पूर्व का वेनिस और झीलों की नगरी के रूप में ख्यात उदयपुर आज जी-20 शेरपा बैठक की मेजबानी को लेकर उत्साहित है। हमारे उदयपुर का न सिर्फ प्रशासनिक अमला बल्कि यहां का हर आम व्यक्ति परदेसी पाँवणों के स्वागत को पुलकित है।

शासन-प्रशासन की महीने भार की तैयारी के बाद अब शहर का हर गली -कूंचा, सडकें, फुटपाथ और डिवाइडर साफ-सुथरे और सजे-धजे हैं। हमारे उदयपुर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का यह पहला आयोजन नहीं है बल्कि इसी उदयपुर ने पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई आयोजनों की मेजबानी की है। हमारा उदयपुर डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए भी देश दुनिया में जाना जाता है और मई 2022 में तीन दिवसीय चिंतन शिविर में देशभर की राजनीतिक शख्सियतें यहां पहुंची थी। हमारा उदयपुर चिकित्सा और शिक्षा जगत की कई अंतरराष्टीय व राष्टीय कांफ्रेंस का गवाह रहा है ।

यह वही उदयपुर है जहां पर प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय संगीत सम्मेलन आयोजित होता रहा है। हाल ही में उदयपुर ने टेल्स इंटरनेशनल स्टोरी टेलिंग फेस्टिवल की मेजबानी भी की थी। पूर्व राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड के अनुसार जी-20 शेरपा बैठक का केंद्र बिंदु सिटी पैलेस के फतेह प्रकाश में स्थित दरबार हॉल कई राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय गतिविधियों और महत्वपूर्ण पलों का गवाह रहा है। अन्य कई कार्यक्रमों के अतिरिक्त दरबार हॉल में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वारा परमाणु विकास के सिलसिले में कई कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

फतेह प्रकाश कन्वेंशन सेंटर 1948 में पंडित नेहरू की उदयपुर यात्रा का गवाह बना। यहीं पर 18 अप्रैल 1948 को उदयपुर एवं मेवाड राज्य का संयुक्त राजस्थान में विलय हुआ तथा मेवाड राज्य ने भारत संघ में विलय के पत्र पर हस्ताक्षर किए। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने महाराजा भूपाल सिंह जी को राजपूताना के महाराज प्रमुख की शपथ दिलाई। ऐतिहासिक संदर्भो के अनुसार 14 जनवरी 1949 को फतेह प्रकाश पैलेस तत्कालीन उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के आगमन का साक्षी बना।

**डॉ.कमलेश शर्मा,**
**उपनिदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग जयपुर**

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर अलवर को मिला सर्वेश्रेष्ठ जिले का पुरस्कार

## राष्ट्रपति मुर्मू ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु उत्कृष्ट कार्य करने पर पुरस्कार दिया




**नई दिल्ली विज्ञान भवन में अलवर कलेक्टर को सम्मानित करती राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मू।**

**अलवर,** (निसं)। राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मू ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में अलवर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी को वर्ष 2022 के लिए दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु उत्कृष्ट कार्य करने पर सर्वश्रेष्ठ जिले का पुरस्कार प्रदान किया।

जिला प्रशासन अलवर द्वारा राज्य सरकार के दिशा-निर्देशानुसार दिव्यांगजन हेतु सक्षम अलवर अभियान का नवाचार किया गया है । जिसमें दिव्यांगजन को जिले के 22 विभिन्न पंचायत समिति मुख्यालयों एवं नगर परिषद, नगर पालिका मुख्यालयों में शिविर लगाकर मौके पर ही लाभान्वित किया गया था। चिकित्सा दल द्वारा मौके पर ही दिव्यांगता की जांच कर दिव्यांगता प्रमाण पत्रा जारी किए गए थे। सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग द्वारा दिव्यांगजन से दिव्यांगता प्रमाण पत्र हेतु आवेदन करवाकर मौके पर ही उन्हें मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन पलृशन, मुख्यमंत्राी पालनहार योजना, सहायक उपकरण, मुख्यमंत्राी कन्यादान योजना आदि से मौके पर जोडा गया।

सक्षम अभियान के तृतीय चरण में दिव्यांगजन को दो करोड़ इकतालीस लाख रुपये की लागत से 1839 दिव्यांगजन को 2200 से अधिक उपकरण भारत सरकार की एडिप योजना में एलिम्को की टीम द्वारा उपलब्ध करवाए गए थे। जिले द्वारा गत वर्ष मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन स्कूटी योजना बजट घोषणा 2022-23 की क्रियान्विति पूर्ण पारदखशता के साथ करके 109 दिव्यांगजन को स्कूटी प्रदान की गई थी। राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन स्कूटी योजना में दिव्यांगजन हेतु गत बजट की तुलना में 2 हजार से बढाकर 5 हजार की है। योजना अंतर्गत अलवर जिले में 823 विशेष योग्यजन के आवेदन प्राप्त हुए हैं जो राज्य में सर्वाधिक आवेदन प्राप्त करने वाले जिलों में सम्मिलित है।

## राशिफल रविवार 4 दिसम्बर, 2022



पंडित अनिल शर्मा

मार्गशीष मास, शुक्ल पक्ष, द्वादशी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2079, अश्विनी नक्षत्र सोमवार प्रात: 7:15 तक, वारियान योग रात्रि 3:40 तक, बव करण सांय 5:46 तक, चन्द्रमा आज प्रात: 6:16 से मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-मेष, मंगल-वृष, बुध-धनु, गुरू-मीन, शुक्र-वृश्चिक, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।


आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से संपूर्ण दिन-रात रहेगा। आज मोक्षदा एकादशी व्रत वैष्णवों का है। आज अखण्ड द्वादशी, व्यंजन द्वादशी, दान द्वादशी है।


**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 8:23 से 9:41 तक, लाभ-अमृत 9:41 से 12:17 तक, शुभ 1:35 से 2:53 तक।


**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 7:05, सूर्यास्त 5:29

### मेष

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति ठीक रहेगी। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।


### वृष

आज मित्रों/रिश्तेदारों के कारण समय खराब हो सकता है और भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष और भय बना रहेगा। स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।


### मिथुन

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। संभावित धन प्राप्त होगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में प्रसन्नता और मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।


### कर्क

अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

### सिंह

धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। धार्मिक समारोह में भाग लेने का अवसर मिलेगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।


### कन्या

अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में दुर्घटना का भय बना रहेगा। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


### तुला

परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा।


### वृश्चिक

अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

### धनु

परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य हेतु बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

### मकर

घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। मनोरंजन पर धन खर्च हो सकता है।

### कुंभ

परिवार में शुभ-मांगलिक संदेश प्राप्त होंगे। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।

### मीन

आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# भाजपा के प्रदेश महामंत्री भजन लाल शर्मा ने जनआक्रोश रथ को रवाना किया

**भरतपुर,** (निस)। भारतीय जनता पार्टी की भरतपुर विधानसभा की जनाक्रोश यात्रा रथ का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री भजन लाल शर्मा ने झंडी दिखाकर यातायात चौराहा महाराजा सूरजमल स्मारक से रवाना किया। यातायात चौराहे से रवाना होकर यह जन आक्रोश यात्रा गांव बछामदी, नगला बरेला, बझेरा, पिड़यानी, इकरन, उंदरा होते हुए चिकसाना पहुंची। इन सभी गांव में जगह जगह यात्रा का भव्य स्वागत हुआ एवं नुक्कड़ सभाएं एवं चौपालें आयोजित हुई तथा लोगों की समस्याएं सुनी एवं लोगों ने अपनी समस्याओं को पत्रक में लिखकर शिकायत पेटी में डाला। नुक्कड़ सभा एवं चौपालों को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा जनआक्रोश यात्रा के माध्यम से जो फेलियर कांग्रेस सरकार का रहा है और जो बादा खिलाफी गहलोत सरकार ने की है उसे जनता तक पहुंचा सकें। पिछले 4 साल के अंदर राजस्थान की सरकार के जो काम है वह जनता के



भरतपुर में भाजपा के प्रदेश महामंत्री भजन लाल शर्मा ने जनआक्रोश रथ को रवाना किया।

सामने हैं। राजस्थान के हालात किसी से छुपे नहीं है और राजस्थान की सरकार को जो जिम्मेदारी जनता ने दी थी पिछले 4 साल के अंदर उन्होंने उस जिम्मेदारी को बिल्कुल नहीं निभाया है। प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा ने कहां की भरतपुर विधानसभा की बात करें तो यहां के विधायक मंत्री भी हैं लेकिन भरतपुर विधानसभा का जो हाल है वह आप से छुपा नहीं है रोडे टूटी पड़ी हैं रोडो में खड्डे नहीं बल्कि गड्ढों में रोड हैं न बिजली है ना पानी है जनता त्राहिमाम है सिर्फ लूट मचा रखी है। विकास के नाम पर कुछ भी नहीं है। जनता सब देख रही है आने वाले चुनावों में इस सबका जवाब देगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में भरतपुर के लिए संभाग दिया, यूनिवर्सिटी दी, मेडिकल कॉलेज दिया, एग्रीकल्चर कॉलेज दिया, इंजीनियरिंग कॉलेज दिया जबकि कांग्रेस के कार्यकाल में कांग्रेस का कोई एक काम तक नहीं बना सकते। राजस्थान सरकार का केवल एक ही काम रहा है कि केंद्र सरकार से जो भी योजनाएं आई हैं उनको किस प्रकार से रोका जाए और किस प्रकार से वह योजनाएं जनता तक नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि अगर राजस्थान की बात करें तो पहले ही साल से कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई साफ नजर आ रही थी। रस्साकशी हो रही थी। गुटबाजी हो रही थी। सरकार कब रहे कब गिरे यह उन्हें भी नहीं पता। जिला संयोजक अभयवीर सिंह सोलंकी ने कहा कि राजस्थान सरकार ने इम्तहान कराने की जिम्मेदारी एक एनजीओ को दी और वह एनजीओ भी कौन सा यह नाम आप भी सब जानते हैं कि अगर कांग्रेस पार्टी एनजीओ चुनती है तो कौन सी। एनजीओ को पेपर की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी जाती है। वह पेपर लीक होकर कहां कहां जाता है किन लोगों के अकैडमी में जाता है। किन स्कूलों में जाता है यह भी आप से छुपा नहीं है। उनके ऊपर तो अलग से कार्यवाही होनी चाहिए चाहिए थी।

## न्याय दिलाने की मांग

**गंगापुर सिटी ।** जयपुर में न्यायिक कर्मचारी की मौत का मामला अब तूल पकडता जा रहा है। अब न्याय के लिए न्यायिक कर्मचारियो को ही हडताल कर न्याय दिलाने की मांग की जा रही है। जयपुर में एक न्यायिक अधिकारी के निवास पर न्यायिक कर्मचारी सुभाष मेहरा की संदिग्ध मौत के मामले में कार्रवाई नहीं होने से गंगापुर न्यायिक कर्मचारी संघ के सभी न्यायिक कार्मिक तीसरे दिन भी सामूहिक अवकाश पर रहे। साथ ही मामले का खुलासा करने की मांग को लेकर धरना दिया। संघ के चंद्रभान जायसवाल ने बताया कि मृतक न्यायिक कर्मचारी मेहरा की मौत की एफआईआर दर्ज किए जाने, प्रकरण की जांच सीबीआई से कराने, मृतक के मोबाइल की सिम बरामद करने और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने तक अनिश्चितकालीन के लिए न्यायिक कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। मांगों को लेकर जिला न्यायिक कर्मचारी संघ के संरक्षक प्रशासनिक अधिकारी सतीश कुमार गर्ग की अध्यक्षता में सभी न्यायिक कर्मचारी धरने पर बैठे। धरना देने वालों में अनिल जैन, नवीन अग्रवाल, कमल जैन, संजय पहडवा, राजेन्द्र प्रजापति, भगवान सैन आदि शामिल हुए।

## सार-समाचार

### प्रियंका की 27 वी रेन्क



**बामनवास।** उपखंड क्षेत्र की नली ग्राम पंचायत की रहने वाली प्रियंका मीणा द्वारा विषम परिस्थितियों में आरपीएससी द्वारा आयोजित कॉलेज शिक्षा परीक्षा में असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए परीक्षा में प्रदेश स्तर पर 27 वी रैंक लाकर ग्रामीण क्षेत्र की महिला वर्ग को आगे बढ़ने का संदेश दिया । इससे पहले भी प्रियंका मीना 2015 में आरपीएससी द्वारा आयोजित स्कूल व्याख्याता भर्ती परीक्षा में प्रदेश में सामान्य स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त की गई थी । प्रियंका द्वारा ठाामीण क्षेत्र में खुद की विषम परिस्थितियों एवं विपरीत माहौल में तैयारी करते हुए ठाामीण क्षेत्र का नाम रोशन किया है । प्रियंका के पति विनोद कुमार मीणा मोजुदा समय में भीलवाड़ा जिले के गुलाबपुरा उपखंड में एसडीएम के पद पर कार्यरत हैं । प्रियंका ने अब तक मिली सफलता का श्रेय खुद के माता-पिता पति एवं ससुराल पक्ष को दिया है ।

### कलस्टर कैम्प का आयोजन

**भरतपुर** (निस)। रामेष्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर में कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी (कलैक्टर) के निर्देषानुसार मतदाता क्लब के तत्वावधान में विषेश संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 के दौरान षत् प्रतिषत वोटर पोर्टल/वोटर हेल्पलाईन एप के माध्यम से पंजीयन हेतु कलस्टर कैम्प का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धीरेन्द्र देवर्शि ने छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु जागरूक किया। कॉलेज ई.एल.सी डॉ. निषा गोयल ने छात्राओं को वी.एच.ए. की जानकारी प्रदान की। बी.एल.ओ. सुमित खण्डेलवाल ने फार्म नं. 06 भरवाये। मतदाता क्लब के सदस्य डॉ. अलका गोयल व दीप्ति अग्रवाल ने मतदाता सूची में अधिक से अधिक संख्या में नाम जुड़वाने हेतु छात्राओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. आर. सी. वर्मा, डॉ. षिल्पी दीप माथुर, डॉ. रजनी वषिश्ठ, घनष्याम दत्त गुप्ता, मनीश पुरी व बड़ी संख्या में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए छात्राऐं उपस्थित रहीं।

### आर्थिक सहायता स्वीकृत

**करौली** (नि.स.) जिला कलक्टर ने बताया कि लवकुश सैनी पुत्र महेश सैनी निवासी ग्राम भागीरथपुरा पोस्ट बागीदा तहसील सपोटरा के 5 सितम्बर को नाले मे डूबने से हुई दुर्घटना से मृत्यू हो जाने पर एवं तहसीलदार सपोटरा की रिपोर्ट के आधार पर परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मुख्यमंत्री सहायता कोष से एक लाख रूपये की आर्थिक सहायता मृतक के पिता महेश को स्वीकृत किये है।

## प्रतियोगिताएँ आयोजित

**भरतपुर** (निस)। महारानी श्री जया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित हो रही हैं। महाराजा सूरजमल बृज विष्वविद्यालय द्वारा ‘‘द्वितीय युवा महोत्सव समारोह‘‘ के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय स्तर पर प्रथम विजेता प्रतियोगी को विश्वविद्यालय स्तर पर भेजा जायेगा। महाविद्यालय में 5 से 8 दिसम्बर तक 24 प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं। 5 तारीख को वाद-विवाद प्रतियोगिता, जिसका विषय-सोशल मीडिया वरदान है या अभिषाप? इसके साथ ही प्रष्नोत्तरी, काव्य पाठ, कथा लेखन तथा आषु भाषण प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी। 6 तारीख को मिमिक्री, व्यंग्य नाटक, एकांकी, षास्त्रीय गायन, सुगम गायन, लोक गायन समूह, देशभक्ति समूह भारतीय गायन, भजन गायन एकल होंगी। 7 तारीख को राजस्थानी एकल लोकनृत्य, एवं एकल भारतीय षास्त्रीय नृत्य होंगे।

## चयनित खिलाड़ियों का एसडीएम ने सम्मान

**भरतपुर** (निस)। महाराजा सूरजमल बृज यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता डॉ देवेंद्र सिंह परमार सचिव विश्वविद्यालय खेल बोर्ड के नेतृत्व में धौलपुर में आयोजित हुई कराटे एवं वूशु प्रतियोगिता में किला स्थित जयशंकर टाईगर जूडो कराटे क्लब की 5 छात्राओं का राष्ट्रीय स्तरीय इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में चयन हुआ। भरतपुर उपखंड अधिकारी देवेंद्र सिंह परमार ने इंटर कॉलेज प्रतियोगिता कराटे एवं वूशु एवं राज्य स्तरीय इंटर स्कूल प्रतियोगिता में किला स्थित जयशंकर टाईगर जूडो कराटे क्लब के 5 खिलाड़ियों को स्वर्ण पदक एवं राज्य स्तरीय इंटर स्कूल कराटे प्रतियोगिता में 1 खिलाड़ियों को स्वर्ण पदक प्रदान किया। क्लब के सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर ने बताया कि इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में कराटे में कोमल वाजपेई, दीक्षा सिंह एवं हिना मंगल का चयन हुआ और वूशु प्रतियोगिता के लिए चारू शर्मा, लवली माहौर, दीक्षा सिंह, हिना मंगल का चयन हुआ जो अगले महीने छत्तीसगढ़ एवं चंडीगढ़ में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय चौंपियनशिप में भाग लेंगी। महिला प्रशिक्षक दीप्ति शर्मा ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से 66 वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता सीकर में आयोजित हुई प्रतियोगिता में 900 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें टाईगर क्लब की छात्रा जागृति जैन ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर भरतपुर का परचम लहराया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष प्रतिभा शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, उपाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, वरिष्ठ सदस्य एवं समाजसेवी राजेंद्र भारद्वाज एवं संस्थापक सदस्य व कुंग फू चौंपियन पवन पाराशर एवं प्रतियोगिता निर्णायक माता प्रसाद टाईगर धौलपुर ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामना प्रेषित की।

## सागर कैलाश सम्मानित

**भरतपुर** (निस)। भारत सरकार युवा खेल मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा खेलो एवं साहसिक कार्यों के क्षेत्र में अद्वितीय कार्य करने वाले अंतर्राश्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम गौरवान्वित करने वाले खिलाडियों में मल्लखंभ के खिलाडी सागर कैलाष को अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. रमेष इंदौलिया ने बताया कि गत दिवस दिल्ली के राश्ट्रपति भवन में आयोजित सम्मान समारोह में विभिन्न खेल एवं साहसिक कार्यों की प्रतिभाओं की सम्मानित में मल्लखंभ खेल के सागर कैलाष को महामहिम राश्ट्रपति जी द्वारा अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया गया। सागर कैलाष को अर्जुन अवार्ड से सम्मानित करने पर मल्लखंभ एकेडमी में खुषी जाहिर करते हुए सभी खिलाडियों ने हनुमानजी की पूजा अर्चना की। वहीं डॉ. रमेष इंदौलिया ने भारत सरकार युवा खेल मंत्रालय के केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, खेल मंत्रालय, साई एवं खेलो इंडिया को आभार व्यक्त किया।

## स्वरोजगार केंद्र का उद्घाटन

**भरतपुर** (निस)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहयोगी संगठन स्वदेशी जागरण मंच जिला भरतपुर के तत्वावधान में अग्रसेन नगर में स्वाबलंबी भारत अभियान के तहत जिला स्वरोजगार केंद्र का उद्घाटन मंच के राजस्थान क्षेत्र संयोजक डॉ सतीश कुमार आचार्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. गंभीर सिंह प्राचार्य अग्रसेन कन्या महाविद्यालय भरतपुर थे तथा अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संचालक महेंद्र सिंह मग्गो ने की। सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों ने गणेश पूजन कर फीता काटकर स्वरोजगार केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए मंच के क्षेत्र संयोजक डॉ सतीश कुमार आचार्य ने कहा आज देश की दो-तिहाई जनसंख्या की उम्र 35 साल से कम है। इस दृष्टि से भारत विश्व का सबसे युवा देश है। 15 से 19 वर्ष की आयु में 37 करोड़ युवा है जिनके लिए रोजगार सृजन सबसे बड़ी चुनौती है। कोई भी सरकार इतनी संख्या में सरकारी नौकरी नहीं दे सकती। इस कारण आज देश में चारों ओर बेरोजगारी का शोर मचा हुआ है। स्वरोजगार इस समस्या का सरल व शीघ्र उपाय है। आज के युवाओं को सरकारी नौकरी के पीछे भागने के बजाय स्वयं का रोजगार करने की आवश्यकता है इसलिए आज के युवा को जॉब सीकर बनने के बजाय जॉब प्रोवाइडर बनने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार जिला केंद्र खुलने से भरतपुर के हजारों युवाओं को इसका लाभ मिलेगा। अध्यक्षीय उद्बोधन में संघ चालक महेंद्र सिंह मग्गो ने कहा कि भरतपुर का यह स्वरोजगार केंद्र निश्चित रूप से राजस्थान का एक मॉडल साबित होगा। स्वदेशी जागरण मंच के जिला प्रचार प्रमुख दीनदयाल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में मंच के विभाग संयोजक सतीश दीक्षित ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखीं।

## पाराशर प्रदेश अध्यक्ष बने

**भरतपुर** (निस)। ब्राह्मण परिवार एकता महासंघ के विस्तार के चलते हुए सामाजिक कार्यकर्ता लोकेश पाराशर निवासी गोपालगढ़ भरतपुर को राष्ट्रीय ब्राह्मण परिवार एकता महासंघ मैं राजस्थान का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है और संगठन के विस्तार के लिए जिम्मेदारी दी गई है। इस मौके पर लोकेश पाराशर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक कुमार एवं अभिनव मिश्र का आभार व्यक्त किया है


महात्मा ज्योतिबा फुले
आयुर्वेद नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र
9829570043 चौमूँ, जयपुर 9784127000
प्रवेश सूचना सत्र 2022-23
Diploma in AYUSH Nursing & Pharmacy (DAN&P)
संस्थान के आयुष नर्सिंग एण्ड फार्मेसी पाठ्यक्रम सत्र 2022-23 में राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग परिषद, जयपुर की अंतिम काउंसलिंग के उपरान्त रिक्त रही सीटों पर प्रवेश हेतु योग्यताधारी अभ्यार्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
योग्यता :- ● 10+2 उत्तीर्ण
आयु :- ● 31 दिसम्बर 2022 तक 17 वर्ष
काउंसलिंग तिथि :- ● 17-12-2022
प्राचार्य


## चौथे दिन भी किया कार्य का बहिष्कार

**करौली** (नि.स.)। सहायक कर्मचारी सुभाष महरिया की जयपुर में न्यायाधीश के निजी आवास पर हुई संदिग्ध मृत्यु के मामले को लेकर न्यायिक कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार चौथे दिन शनिवार को भी जारी रहा। कर्मचारियों के अवकाश पर रहने से न्यायालयों में कामकाज पूरी तरह ठप रहा।

शनिवार को प्रांतीय प्रतिनिधि संतोष मंगल के नेतृत्व में कर्मचारियों ने जिला न्यायालय परिसर में धरना स्थल पर पहुंचकर कार्य का बहिष्कार किया। इस दौरान सर्वसम्मति से एकजुट होकर आगे भी प्रांत के आव्हान पर कार्य बहिष्कार जारी रखने का निर्णय लिया गया तथा दोषी व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज होने तथा मांगपत्र की मांगे पूरी नहीं होने तक सांकेतिक धरना जारी रखने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सुरेश जोशी, कबीर,मोहर पाल,चंद्रदीप जैन, बबलू, रहीश खान, गोविंद, दामोदर, रविंद्र ड्राइवर, राजा राम,मनोज सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।न्याय के लिए न्यायिक कर्मचारी हडताल पर रहे।

## रिंकेश गुर्जर का स्वागत सम्मान



जगर रा.वि.कक्षा 9 की छात्रा रिंकेश गुर्जर का नेशनल कैंप के लिए चयन होने पर स्टाफ कर्मियों ने स्वागत सम्मान किया ।

**सूरौठ ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जगर प्रधानाचार्य विकास कुमार गुप्ता व अध्यापक द्वारिका प्रसाद जांगिड़ राधारमण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 वर्षीय टेनिस वॉलीबॉल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थानीय विद्यालय जगर की कक्षा 9 की छात्रा रिंकेश गुर्जर का नेशनल कैंप के लिए चयन हुआ है जिस पर विहालय परिवार की ओर से व ठााम वासियों की ओर से स्वागत सम्मान किया गया जिस पर अध्यापिका गायत्री पाठक. मीना डागुर व विनीता दिवाकर ने माल्यार्पण करके छात्रा रिंकेश गुर्जर का स्वागत सम्मान किया गया जिस पर इस मौके पर शारीरिक शिक्षक योगेंद्र सिंह सुल्तानौत रमेश प्रजापत शैलेंद्र डागुर द्वारका प्रसाद जांगिड़. भरतलाल जाटव हीरालाल जाटव बाबूलाल जाटव देवेंद्र महावर राधारमन शर्मा सतीश डागुर मीना आदि मौजूद थे।

## स्वागत सम्मान किया

**भरतपुर** (निस)। जिला जाटव महासभा समिति के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह केन के नेतृत्व में सुरेश यादव कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्र भरतपुर का माला एवं साफा पहनाकर उनके कृशणा नगर स्थित प्रतिशठान सुरेष यादव हॉस्पीटल पर स्वागत किया गया। समिति के महामंत्री धर्मेन्द्र कुमार एड. ने बताया कि 26 नवम्बर को डा. भीमराव अम्बेडकर सोगरिया मौहल्ला पर बाबा साहब की प्रतिमा के लिये डा. सुरेश यादव द्वारा सीढ़ियां की घोशणा की गई थी।

जिस पर 2 दिसम्बर को लोहे की सीढियों का डाक्टर सुरेष यादव द्वारा निर्माण करा दिया गया है। धन्यवाद देने के लिये जिला जाटव समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण सिह कैन आदि थे।

### कार्यालय तहसीलदार ( भूअ ) टोडाभीम जिला करौली

क्रमांकः-भूअ/2022/4752 दिनांक: 2.12.2022

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अपंजीकृत वसीयत स्व. महन्त किशोरपुरी चेला गणेशपुरी की दिनांक 15.10.2021 को नोटेरी पब्लिक द्वारा प्रमाणित है। इस आशय की प्राप्त हुई है कि यह वसीयत मृतक की अंतिम वसीयत है जिसमें वसीयतगृहिता श्री नरेशपुरी चेला स्व. किशोरपुरी है।

अत: किसी को इस वसीयत से संबंधित कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्य दिवस में पेश करे समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति नहीं सुनी जावेगी।

तहसीलदार ( भू.अभि. )
टोडाभीम, जिला करौली

## जन आक्रोश यात्रा का रवाना

**कुम्हेर** (निस)। डीग कुम्हेर विधानसभा की जन आक्रोश यात्रा का शुभारंभ षनिवार को चामड़ माता मंदिर पैघौर पर पूजा अर्चना के बाद जनसभा आयोजन किया गया।

जनसभा में बोलते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ शैलेश सिंह ने वर्तमान गहलोत सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा गहलोत सरकार ने जनता और किसानों के साथ झूठ बोलकर सत्ता हासिल की है जो 10 दिन में किसानों का कर्ज माफ करना, बेरोजगारों को भत्ता आदि वादे किए थे। लेकिन कांग्रेस सरकार ने अपने वादे अभी तक पूरे नहीं किए हैं। ऐसी सरकार को इस बार जनता उखाड़ कर फेंक ने का पूरा मन बना लिया है। प्रदेश में जो पहले भाजपा सरकार ने कार्य किए थे। वह सभी को दिख रहे हैं। लेकिन कांग्रेस सरकार अभी तक कोई कार्य नहीं किया। कांग्रेस सरकार में ना जनता को पीने के लिए पानी मिला ना सड़के मिली, ना अच्छी शिक्षा मिली, ना ही स्कूल में टीचरों की कमी पूरी हुई हैं। आए दिन लूटपाट हत्या बलात्कार हो रहे हैं। सरकार इन पर कोई भी लगाम नहीं लगा पा रही है। डॉ. शैलेश सिंह ने कहा ऋण माफी की झूठी घोषणा, बेलगाम अपराध, भ्रष्टाचार, पेट्रोल डीजल बिजली की महगी दरो से जनता त्रस्त है।

## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर हुए रंगारंग कार्यक्रम

**करौली** (नि.स.)। एकट बोध ग्राम संस्था के कार्यक्रम प्रभारी मनोज शर्मा ने बताया की सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग एवं एकट बोधग्राम के संयुक्त तत्वाधान दिव्यांगजन दिवस का आयोजन नि:शब्द विद्यालय में किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वीना गुप्ता एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनिल शर्मा,फजले अहमद एवं भूपेंद्र भारद्वाज ने माँ0 सरस्वती के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित कर की इस अवसर पर नि:शब्द विद्यालय एवं कॉलेज के बालक बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की रंगारंग प्रस्तुति देते हुए अतिथियों को भाव विभोर कर दिया सचिव वीना गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा की दिव्यांगता को चुनोतियाँ देते हुए इन बच्चो ने जिस तरह की प्रस्तुतियां दी है उससे लगता है ये किसी से कम नही है उन्होंने दिव्यांगों का मनोबल बढ़ाते हुए दो पंक्ति पढ़ी मंजिल उन्ही को मिलती है जिनके सपनो में जान होती है पंख से कुछ नही होता हौसलों से उडान होती है। अनिल शर्मा ने कहा की कार्यक्रम में संस्था ने सभी तरह के दिव्यांगों को बुलाकर जो सम्मान दिया बो बहुत सराहनीय है ऐसे कार्यक्रमो से दिव्यांगों का मनोबल बढ़ता है फजले अहमद ने कहा की नि:शब्द विद्यालय का हर आयोजन बहुत ही सराहनीय रहता है और आवासीय बच्चो के चेहरे की मुस्कान से आभास होता है की बच्चे बहुत खुश रहते है भूपेंद्र भारद्वाज ने दिव्यांगों के लिए किए जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए कहा की निश्चित नि:शब्द विद्यालय के बच्चे देश मे करौली का नाम रोशन करेंगे ये दिव्यांग नही अपने आप मे स्पेशल बच्चे है दिव्यांगजन प्रकोष्ठ करौली के अध्यक्ष अब्दुल बाहिद ने कहा की विद्यालय के प्रयास बहुत सराहनीय है हम हमेशा इस तरह के आयोजनों में सहयोग करते रहेंगे यातायात प्रभारी बासुदेव बसवाल ने कहा की ये बच्चे किसी से कम नही है और बहुत ऊंचाइयों तक जाएंगे योगाचार्य विनोद कुमार ने कहा की दिव्यांगों को भावनात्मक सहयोग की जरूरत होती है हम सबकी जिम्मेदारी है की कही भी कोई दिव्यांग सम्पर्क में आये तो उसका आगे आकर सहयोग करें इस विद्यालय के बच्चो को मेरे द्वारा योग सिखाया आज स्वयं बच्चे योग करते है इस दौरान दिव्यांगजन दिवस पर बच्चो की विभिन्न खेलकूद प्रतियोगताओ का आयोजन किया ।

## खिलाड़ियों व कोच का सम्मान

**भरतपुर** (निस)। उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर रणजीत नगर द्वारा राजकीय विद्यालयों के 14 वर्ष तक के छात्र-छात्राओं की राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के विजेता टीम बीकानेर के सभी खिलाड़ियों एवं उनके कोचों का सम्मान किया गया। आदर्श विद्या मंदिर रणजीत नगर भरतपुर प्रतियोगिताओं में छात्राओं के आवास के रूप में लिया गया था। इस विद्यालय में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता कबड्डी छात्राओं की टीम ठहरी थी। इन्हीं 10 टीमों में से बीकानेर जिले की छात्राओं की टीम राज्य स्तर पर प्रथम रही। इन सभी विजेता खिलाड़ियों और उनके शारीरिक शिक्षकों का विद्यालय परिसर में संस्था के व्यवस्थापक संजय गुप्ता एवं संस्था प्रधान संतोष कटारा व पूजा शर्मा द्वारा माला पहना कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्था द्वारा किए गए इस सम्मान से सभी खिलाडी व उन की टीम प्रभारी सुधांशु कश्यप अभिभूत हो गई। प्रतियोगिता के आवास व्यवस्था के प्रमुख हरेंद्र सिंह एवं ओम प्रकाश गुर्जर ने इस संस्था द्वारा सम्मान कार्यक्रम की प्रशंसा की। कार्यक्रम में रणवीर सिंह, सुरेश चंद, देवी सिंह, ओम प्रकाश सेन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### कार्यालय मुख्य वन संरक्षक, भरतपुर

केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के सामने, केन्द्रीय पौधशाला, भरतपुर- 321001 (राज)
फोन: 05644-226017, 227518 ई-मेल: ccf.bhp.forest@rajasthan.gov.in

क्रमांक एफ()एफसीए/मुवसंभ/ 2021-22/7380 दिनांक 17.11.2022

**Order on grant of permission for tree cutting and commencement of work for one year**

जिला करौली में Bharatnet project to provide broadband connectivity in Gram Panchayat Gurdah & Badarpur of Karauli district by GOI under flagship program of digital India. (Proposal No- FP/RJ/OFC43321/2019) Applied Arca 0.5625 Haओएफसी केबल बिछाने हेतु बिना वृक्षों के पातन की वन भूमि प्रत्यावर्तन सैद्धान्तिक स्वीकृति भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, (मध्य) लखनऊ का पत्रांक बी/राज/09/17/2020/एफसी / 747 दिनांक 21.072020 से जारी की गयी है एवं यूजर एजेन्सी द्वारा सैद्धान्तिक स्वीकृति में अधिरोपित शर्तों की अनुपालना कर अनुपालन आख्या प्रस्तुत कर दी गयी। है। भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा लीनियर प्रोजेक्ट हेतु जारी दिशा निर्देश कमांक 11-306/2014-एफसी दिनांक 07.05.2015, दिनांक 28.08.2015 एवं राजस्थान सरकार के पत्रांक एफ नं. 1 (5) वन / 2010 जयपुर, दिनांक 07.01.2022 की अनुपालना में भारत सरकार द्वारा जारी उपरोक्त सैद्धान्तिक स्वीकृति की समस्त शर्तों के अध्याधीन प्रस्तावित क्षेत्र में मिना वृक्षों के पातन कार्य प्रारम्भ करने की अन्तरिम स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है -

1 भारत सरकार के उक्त पत्र में सैद्धान्तिक स्वीकृति में अंकित समस्त शर्तों की कड़ाई से पालना की जावे।
2. यह स्वीकृति जारी करने की तिथी से 1 वर्ष के लिए मान्य होगी।
3. सैद्धान्तिक स्वीकृति में अधिरोपित शर्तों का उल्लंघन पाये जाने पर यह अंतरिम स्वीकृति प्रत्याहरति की जा सकती है एवं प्रयोक्ता अभिकरण के विरुद्ध वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत कार्यवाही अमल में लायी जा सकती है।
4. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा अंतरिम स्वीकृति 1वर्ष की अवधि में कार्य अपूर्ण रहने की स्थिति में समय रहते अभिवृद्धि हेतु आवेदन प्रस्तुत करना होगा।
5. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा संबंधित उप वन संरक्षक के निर्देशानुसार / पर्यवेक्षण में कार्य किया जायेगा।
6. ओएफसी केबल सड़क के सहारे आरओडब्ल्यू में ही डाली जायेगी। आरओडब्ल्यू के बाहर कोई कार्य नहीं किया जावेगा।
7. यूजर एजेन्सी द्वारा कार्य के उपरान्त भूमि स्थल पर खुदाई की गई खाई (ट्रैंच) को पुनः मिट्टी भरकर समतल किया जायेगा एवं वन भूमि पर कार्य शुरू करने की जानकारी उप वन संरक्षक, करौली को देकर ही कार्य शुरू किया जायेगा। कार्य पूर्ण होने पर तत्काल उप वन संरक्षक, करौली को सूचित किया जायेगा।
8. यूजर एजेन्सी द्वारा वन अथवा पर्यावरण एवं पेडों एवं वन सम्पदा को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचाई जायेगी।
9 ओएफसी केबल डालने हेतु प्रस्ताव में अंकित चौडाई 0.45 मीटर से अधिक चौडी, गहराई 1.50 मीटर से गहरी खाई (ट्रैच) नहीं खोदी जायेगी एवं सड़क के किनारे वृक्ष स्थित होने पर वृक्ष नहीं काटे जायेंगे।
10. वन भूमि का स्वामित्व एवं जिन अपरिवर्तनीय रहेगी तथा इस स्वीकृति का प्रयोग अन्य प्रयोजन हेतु नहीं किया जायेगा।
11. वन क्षेत्र में सूर्यास्त से सूर्योदय तक कोई कार्य नहीं किया जावेगा, न ही श्रमिक कैम्प वन क्षेत्र में लगाया जावेगा। श्रमिकों को ईंधन की व्यवस्था हेतु वन भूमि से किसी प्रकार की लकड़ी झाडबाड आदि नहीं ली जायेगी। इस बिन्दु की पालना की जिम्मेदारी भी यूजर एजेन्सी की ही होगी।
12. याचक विभाग द्वारा परियोजना के निर्माण एवं रख रखाव के दौरान आस-पास के क्षेत्र की वनस्पतियों एवं जीव जन्तुओं को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचाई जावेगी एवं उनके संरक्षण हेतु समस्त उपाय किये जायेंगे।
13. प्रत्यावर्तित क्षेत्र में रोपित किए जाने वाले वृक्षों को वन विभाग की बिना पूर्वानुमति के नहीं काटा जावे। उक्त क्षेत्र में रोपित पेड परिपक्व होने पर वन विभाग के होंगे।
14. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित वन भूमि के अतिरिक्त आस-पास की वन भूमि से / पर निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी / पत्थर काटने या भरने का कार्य नहीं किया जावेगा।
15. प्रयोक्ता अभिकरण वर्तमान एवं भविष्य में योजना पर लागू सभी नियम कानून तथा दिशा निर्देशों की पालना करेगा।
16. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा एक वर्ष की अवधि के अन्दर यदि समस्त शर्तों की पालना नहीं की जाती है तो कार्यानुमति को स्वतः ही समाप्त माना जायेगा एवं वन भूमि पर किये गये कार्य को यूजर एजेन्सी द्वारा उपयोग में नहीं लिया जा सकेगा।
17. यूजर एजेन्सी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव में वृक्षों के पातन की संख्या शून्य है इसलिए ओएफसी केबिल डालने के दौरान किसी भी वृक्ष का पातन नहीं किया जावे।
18. भारत सरकार के पत्रांक 7-23/2012/ एफसीए दिनांक 24.07.2013 से माननीय ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा दिनांक 07.11.2012 को पारित निर्णय की पालना प्रकरण में सुनिश्चित की जावे तथा प्रकरण में जारी स्वीकृति को यूजर एजेन्सी हिन्दी एवं अंग्रेजी में प्रकाशित होने वाले एक-एक समाचार पत्र में अक्षरशः प्रकाशित करावें एवं जारी स्वीकृति की प्रतियां स्थानीय निकाय, पंचायत एवं नगरपालिका के राजकीय अधिकारियों को स्वीकृति प्राप्ति के 30 दिन में अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय- ( पौ. कथिरवेल )
मुख्य वन संरक्षक, भरतपुर

# भालोजी पंचायत पर मंत्री राजेन्द्र यादव ने कस्टोडियन पीड़ित 231 किसानों को पट्टे दिए

## आजादी के 75 वर्ष बाद अपना वाजिब अधिकार पाकर किसानों के चेहरे खिले

**कोटपूतली, (निसं)।** आजादी के 75 वर्ष बाद अपनी भूमि का वाजिब अधिकार पाकर शनिवार को निकटवर्ती ग्राम पंचायत भालोजी व गोरधनपुरा के कृषकों के चेहरे खिले हुए नजर आये।

क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव भालोजी ग्राम पंचायत भवन पर आयोजित कार्यक्रम में 231 कृषकों को 170 बीघा भूमि के खातेदारी अधिकार के सनद (पट्टों) का वितरण किया। यादव ने कहा कि, यह राज्य सरकार की एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो कस्टोडियन पीड़ित किसानों को आजादी के 75 वर्ष बाद उनका हक मिला है । मुझे प्रसन्नता इस बात की है कि किसान भाईयों को उनका हक दिलवा पाया। आज प्रदेश के प्रत्येक कस्टोडियन पीड़ित किसान को उनकी समस्या से निजात मिल पाई है।

तहसीलदार अभिषेक सिंह ने भूमि आंवटन सूची की उद्घोषणा करते हुए आपत्तियों की सुनवाई की। इस दौरान एडीएम रविन्द्र शर्मा, प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज रावत, बीडीओ शशिबाला, सरपंच विमला देवी, नायब तहसीलदार भोमसिंह मीणा, गोरधनपुरा सरपंच धोली देवी, सरपंच प्रतिनिधि रघुवीर यादव, सरपंच कृष्ण आर्य, विक्रम सिंह लीडर, बसई सरपंच प्रतिनिधि सत्यवीर मीणा, समेत अन्य मौजूद रहे।



कोटपूतली विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव भालोजी पंचायत भवन पर किसानों को पट्टे वितरित किए।

**क्या है कस्टोडियन:-** आजादी के समय बड़ी संख्या में कृषि भूमि के मुस्लिम खातेदार पाकिस्तान चले गये थे। जिसके बाद उक्त भूमि पर स्थानीय कृषक खेती कर रहे थे। जिन भूमियों को राजस्व रिकॉर्ड में कस्टोडियन दर्ज करते हुए कृषकों को उप कृषक कहा गया।

**7 गांवों में 3993 बीघा है ऐसी भूमि:-** उल्लेखनीय है कि कोटपूतली तहसील के 7 गांवों में 3993 बीघा कस्टोडियन भूमि है। जबकि उपखण्ड क्षेत्र की बात की जायें तो 11 ग्राम पंचायतों में 4400 बीघा के लगभग कस्टोडियन भूमि के होने के साथ-साथ प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी ऐसी भूमि है। पूर्व में ज्यादा डीएलसी होने के कारण किसान खातेदारी अधिकार प्राप्त नहीं कर पाते थे। वर्तमान सरकार ने खातेदारी अधिकार

- **'कस्टोडियन पीड़ित किसानों को आजादी के 75 वर्ष बाद उनका हक मिला है'**

राजस्थान भू राजस्व (कृषि प्रयोजनार्थ भूमि आवंटन) नियम 1970 के अधिन उपलब्ध भूमि का आंवटन राजस्थान भू राजस्व (निष्क्रांत कृषि भूमि) का स्थाई आंवटन नियम 1963 एवं राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अन्तर्गत नियम 7 के तहत दिया है।

जिसके लिए कस्टोडियन भूमि के खातेदारी अधिकार के लिए डीएलसी रेट पर एससी व एसटी के लिए 5 प्रतिशत एवं सामान्य व ओबीसी के लिए 10 प्रतिशत राशि का नोटिफिकेशन जारी किया गया था। इससे कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के 11 गांवों के हजारों किसानों को राहत मिलेगी। अभी तक कोटपूतली में एक हजार बीघा से ज्यादा जमीन का आंवटन किया जा चुका है।

# बालिका सीनियर स्कूल में दूध पीने से 27 बच्चों की तबीयत बिगड़ी

## पेट दर्द, घबराहट की शिकायत होने पर अस्पताल में भर्ती कराया

**हनुमानगढ़, (निसं)।** मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना का शुभारंभ होने के बाद पहली बार बच्चों को दूध वितरण किया गया। इस दूध को पीने से कुछ देर बाद ही टाउन के सेठ राधाकिशन बिहाणी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल की 26 बच्चियों और 1 बच्चे की तबीयत बिगड़ गई। उनको पेट दर्द, घबराहट की शिकायत होने पर स्कूल स्टाफ ने सभी 27 बच्चों को टाउन के राजकीय अस्पताल पहुंचाया। शाम को बच्चों की हालत खतरे से बाहर होने पर सभी ने राहत की सांस ली।

एडीएम प्रतिभा देवठिया, एसडीएम डॉ. अवि गर्ग, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जितेन्द्र गोयल, सीडीईओ रामेश्वर गोदारा, सीबीईओ सीमा भल्ला, पीएमओ डॉ. मुकेश पोटलिया सहित अन्य अधिकारियों ने भर्ती बच्चों से बात की। हालांकि अधिकारियों ने दूध की गुणवत्ता पर कोई संदेह नहीं जताया। वहीं डॉक्टरों का कहना है कि दूध में ही कोई कमी थी, जिसकी वजह से बच्चों की तबीयत बिगड़ी। प्रशासन की ओर से बच्चों को वितरित किए गए दूध के सैंपल लिए गए हैं। सैंपल की जांच करवाई जा रही है।

बच्चों की तबियत खराब होने पर स्कूल स्टाफ के हाथ-पांव फूल गए। वे आनन-फानन में इन बच्चों को जिला अस्पताल लेकर गए और ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया। जिला अस्पताल पहुंची एडीएम प्रतिभा देवठिया ने बताया कि डॉक्टरों की ओर से सैंपल लिए जाने के बाद बच्चियों की तबीयत खराब होने के कारणों का पता चल पाएगा। उन्होंने कहा कि इन 27 बच्चियों के अलावा मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना के तहत शुक्रवार को पूरे हनुमानगढ़ जिले के स्कूलों में दूध का वितरण किया गया।

- **डॉक्टरों को बच्चियों ने खली पेट दूध लेने की जानकारी दी**
- **'पाउडर मिल्क ज्यादा ताकतवर होता है और कई बार यह पचने में दिक्कत कर सकता है'**
- **प्रशासन की ओर से बच्चों को वितरित किए गए दूध के सैंपल लिए गए**

एडीएम के अनुसार डॉक्टरों ने अस्पताल में भर्ती बच्चियों से जानकारी ली तो यह बात सामने आई कि कुछ बालिकाओं ने खाली पेट दूध का सेवन किया था । डेयरी के क्वालिटी इंचार्ज मुकेश बिश्नोई ने बताया कि सामान्य दूध की अपेक्षा पाउडर मिल्क ज्यादा ताकतवर होता है और कई बार यह पचने में दिक्कत कर सकता है । बिश्नोई ने बताया कि कुछ बच्चे लेक्टोस के प्रति इनटोलरेंस भी होते हैं। इससे भी दूध पीने से जी मिचलाने या घबराहट जैसी स्थिति हो सकती है।

प्लांट इंचार्ज और मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना के नोडल अधिकारी जीसी स्वामी ने बताया कि कई बार पाउडर मिल्क से दूध बनाते समय अगर दूध गाड़ा रह जाता है तो भी पचने में थोड़ी दिक्कत आ सकती है।

डेयरी एमडी एसएस पाल ने बताया कि पैकेट की मैन्फकचरिंग डेट अगस्त 2022 थी और इन पैकेट की एक्सपायरी डेट अगस्त 2023 है। साथ ही सभी बच्चों को एक ही बड़े बर्तन में दूध गर्म कर पिलाया गया था। दूध का सैंपल ले लिया गया है।

राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष (राज्यमंत्री) पवन गोदारा ने भी दोपहर को अस्पताल पहुंचकर सभी बच्चों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। पवन गोदारा ने दौरान बच्चियों से दूध सेवन करने के दौरान की पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली।

# राजू ठेहट हत्याकांड, हरियाणा बॉर्डर पर नाकाबंदी की



बहरोड़ पुलिस ने हरियाणा के दोनों बार्डर पर नाकाबंदी के दौरान वाहनों की जांच की।

**बहरोड़/ नीमराणा, (निसं)।** सीकर में राजू ठेहट की गोली मारकर हत्या कर बदमाशों के भागने की सूचना पर बहरोड़ के दोनों हरियाणा बॉर्डर नारनौल रोड बहरोड़ तथा नांगल चौधरी रोड बहरोड़ पर जिला पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार सिंह के निर्देशन में नांगल चौधरी रोड बॉर्डर पर बहरोड़ डीएसपी आनंद राव के नेतृत्व में तथा नारनौल से बहरोड़ बॉर्डर पर थाना अधिकारी वीरेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में नाकाबंदी कर प्रत्येक वाहन की गहनता से जांच करने के बाद प्रवेशित होने दिया गया। बहरोड़ डीएसपी आनंद राव ने बताया कि भागते बदमाशों को पकड़ने के दौरान नीमकाथाना की तरफ खेतड़ी के पास बदमाशों द्वारा गाड़ी बदलने की सूचना के आधार पर बहरोड़ डीएसपी आनंद राव एवं थाना अधिकारी वीरेंद्र पाल सिंह ने तुरंत एक्शन लेते हुए नाकाबंदी कर प्रत्येक गाड़ी की गहनता से जांच की।

# नागौर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सघन नाकेबंदी

**डीडवाना, (निसं)।** सीकर में राजू ठेठ की दिनदहाड़े हुई हत्या में नागौर जिले के जायल तहसील के एक व्यक्ति की भी मौत हुई है। बदमाशों ने फायरिंग के बाद गाड़ी छीनने के लिए कार में सवार व्यक्ति को गोली मार दी और गाडी लेकर फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार घटना के बाद प्रदेश भर में पुलिस हाई अलर्ट पर है और इसका असर नागौर जिले में भी देखा जा रहा है। डीडवाना में दयालपुरा सीकर रोड पर पुलिस द्वारा हथियारबंद नाकाबंदी करवाई गई थी और हर आने जाने वाले वाहन की तलाशी ली जा रही है। पुलिस मुख्यालय से बदमाशों की तस्वीरें भी जारी की गई है जिसके साथ पुलिस आरोपियों की पहचान की कोशिश भी कर रही है। सभी वाहनों की सघन जांच की जा रही है। ए श्रेणी की नाकेबंदी में बिना जांच के किसी भी वाहन को गुजरने नहीं दिया जा रहा है। नागौर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में यह सघन नाकेबंदी की गई है और संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। इस दौरान मृतक की बेटी के लिए कोचिंग संस्थान ने निशुल्क कोचिंग की घोषणा की है।



खेतड़ी थाना क्षेत्र के सभी गांवो में पुलिस ने लोगों से बदमाशों की सूचना देने की अपील की। पुलिस सीमावर्ती क्षेत्र में नाकाबंदी कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

# देवांगी का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय इन्द्रा हैप्पी स्कूल की छात्रा देवांगी लालवानी पुत्री गोविन्दराम लालवानी ने 2 घण्टे 15 सैकेण्ड भूमि नमन योग आसन का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। देवांगी के कोच हरिओम सैनी ने बताया कि व काफी समय से प्रयत्नशील थी, अंततः वह विश्व रिकॉर्ड बनाने में सफल हो गयी। हाल ही में हुई प्रतियोगिता मे भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। देवांगी लालवानी का इन्द्रा हैप्पी स्कूल परिवार की ओर से जोरदार स्वागत किया एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। शाला संस्थापक इन्द्रापाल खुराना ने छात्रा को स्मृति चिन्ह भेंट कर आशीर्वाद दिया और उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. ज्योति व निदेशक पंकज खुराना ने भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर, नीतू, पारूल, मंजू, महिमा, मोना आदि उपस्थित रहे।

# छह साल की बालिका से दरिंदगी

**करौली, (नि.स.)।** मामचारी थाना इलाके के एक गांव में छह साल की बालिका से दरिंदगी का मामला सामने आया है। पुलिस की ओर से मैडीकल बोर्ड की टीम से बालिका का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है। पुलिस टीम गठित कर बाल अपचारी की तलाश कर रही है।

मामचारी थानाप्रभारी ओमेन्द्र सिंह ने बताया कि बालिका प्रातः 10 बजे स्कूल पढ़ने गई थी । बालिका दोपहर एक बजे लंच में अपने घर आ गई। इसके बाद वह अपनी सहेली के साथ खेतों पर चली गई। जहां 15 वर्षीय किशोर ने बालिका की चप्पल को सरसों के खेत में फेंक दिया। जैसे ही बालिका चप्पल लेने के लिए खेत में घुसी तो बाल अपचारी ने उसे दबोच लिया और दुष्कर्म किया। घटना के बाद बाल अपचारी बालिका को खेत में छोड़ कर फरार हो गया। बालिका रोते हुए अपने घर पंहुची तो परिजनों ने पूछताछ की इस पर बालिका ने दरिंदगी के बारे में बताया। बालिका के पिता ने आरोपी के खिलाफ मामाचारी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इधर पुलिस ने फरार बाल अपचारी को दस्तयाब करने के लिए पुलिस टीम गठित की है और तलाश में जुटी है।

- **बालिका को खेत में छोड़ कर आरोपी फरार हो गया**

# प्रभारी रावत और विधायक दीपचंद खैरिया ने ली बैठक

**किशनगढ़बास, (निसं)।** अलवर जिले के मालाखेड़ा में 19 दिसंबर को पहुंच रही राहुल गांधी कि भारत जोड़ो यात्रा में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने का आह्वन करने पहुंचे विधानसभा प्रभारी हरिशंकर रावत ने किशनगढ़ बास में विधायक दीपचंद खैरिया की मौजूदगी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

बैठक में विधानसभा प्रभारी हरि शंकर रावत ने बताया कि 19 तारीख को मालाखेड़ा में भारत जोड़ो यात्रा के तहत राहुल गांधी द्वारा एक बड़ी सभा का आयोजन किया जा रहा है। विधायक दीपचंद खैरिया ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का उद्देश्य आपस में भाईचारा और प्रेम बढ़ाना है । इस मौके पर प्रधान बद्री प्रसाद सुमन, प्रधान डॉ विनोद कुमारी सांगवान, पीसीसी सदस्य गिरीश डाटा, मनोनीत पार्षद धीरुभाई एवं मोहम्मद कासिम मेवाती ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

# सेना भर्ती रैली का परिणाम जारी

**झुंझुनूं, (निसं)।** सेना भर्ती कार्यालय झुंझुनूं द्वारा बीकानेर में 5 से 23 सितंबर तक आयोजित सेना भर्ती रैली का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। अभ्यर्थी अपना परिणाम जॉइन इंडियन आर्मी वेबसाइट पर देख सकते हैं।

सेना भर्ती कार्यालय झुंझुनूं के भर्ती निदेशक कर्नल अमित शर्मा ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण केंद्र और आगे की कार्रवाई 7 दिसंबर एवं 8 दिसंबर को दी जाएगी। झुंझुनूं और बीकानेर जिले के चयनित अभ्यर्थी 7 दिसंबर एवं चूरू, हनुमानगढ़ और श्री गंगानगर के चयनित अभ्यर्थी 8 दिसंबर को झुंझुनू भर्ती कार्यालय में रिपोर्ट करेंगे। चयनित उम्मीदवार जो पैराशूट रेजीमेंट में वॉलिंटियर के तौर पे जाना चाहते हैं। उनकी चयन प्रक्रिया 9 दिसंबर 2022 को आयोजित की जाएगी।

# सरदारशहर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां और उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने रोड शो किया

## अशोक पींचा के समर्थन में आमजन से जनसंपर्क कर भाजपा को भारी मतों से जिताने की अपील की


**सरदारशहर/जयपुर, (कासं)।** सरदारशहर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी अशोक पींचा के समर्थन में सरदारशहर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने रोड शो किया, जिसमें उन्होंने

- **अशोक पींचा जनता के सुख-दुख में मजबूती से खड़े रहते हैं : डॉ. पूनियां**
- **'सीएम के पास कानून व्यवस्था को लेकर कोई ठोस एक्शन प्लान नहीं, ना जनता की सुरक्षा की चिंता'**
- **प्रदेश में अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है गहलोत सिर्फ अपनी कुर्सी बचाने में जयपुर से दिल्ली चक्कर लगाने में व्यस्तः पूनियां**

पूरे रोड शो में कई किलोमीटर पैदल चलकर जनसंपर्क किया और आमजन से भाजपा को भारी मतों से जिताने की अपील की।

इस दौरान रोड शो में सांसद सुमेधानंद सरस्वती, प्रत्याशी पींचा, विधायक अभिनेष महर्षि, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां इत्यादि प्रमुख नेतागण उपस्थित रहे। डॉ. पूनियां ने रोड शो के दौरान संबोधन में कहा कि, भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम और जनता के आशीर्वाद से सरदारशहर में 8 तारीख को कांग्रेस पार्टी पस्त होगी और 2023 में पूरे राजस्थान से कांग्रेस पार्टी का हमेशा के लिये सूर्य अस्त होगा। पूनिया ने कहा कि, अशोक पींचा संघर्षशील, मिलनसार और मददगार नेता हैं, सरदारशहर की जनता के सुख-दुख में हमेशा मजबूती से खड़े रहते हैं, सरदारशहर के किसान, युवा और माता-बहनों ने ठान लिया कि भाजपा को वोट देकर अशोक पींचा को भारी मतों से जितायेंगे । उन्होंने कहा कि चार वर्षों में शांतिप्रिय राजस्थान कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार के शासन में माफिया और गैंगस्टरों की शरणस्थली बन चुका है।

मुख्यमंत्री जो गृहमंत्री भी हैं, इनके द्वारा कानून व्यवस्था की समीक्षा करना मात्र फोटो खिंचवाने तक ही सीमित है, कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए इनके पास कोई ठोस एक्शन प्लान नहीं है, ना यह प्रदेश की जनता की सुरक्षा के लिए यह चिंतित हैं, इसलिए नैतिकता के आधार पर इनको इस्तीफा दे देना चाहिए। प्रदेश में हत्या, अपहरण, डकैती, लूट, दुष्कर्म, गैंगरेप इत्यादि वारदात का लगातार ग्राफ बढ़ता जा रहा है। पूरे प्रदेश में स्कूल, अस्पताल, सड़क, घर कहीं भी आमजन सुरक्षित नहीं हैं, चाहे जयपुर हो या प्रदेश का अन्य कोई जिला हो, हर जगह कानून व्यवस्था पटरी से उतरी हुई है। पूरा प्रदेश अपराधियों की गिरफ्त में हैं, मुख्यमंत्री हाथ पर हाथ धरे मौन बैठे हैं, सिर्फ अपनी कुर्सी बचाने में जयपुर से दिल्ली चक्कर लगाने में व्यस्त हैं।



सरदारशहर उपचुनाव के अंतिम दिन भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां और उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के रोड शो में लोगों का हुजूम उमड़ा।

# कांग्रेस और आरएलपी ने भी किया जनसंपर्क

**सरदारशहर, (निसं)।** उपचुनाव का प्रचार शनिवार को 5 बजे बंद होने से पूर्व कांग्रेस और आरएलपी ने अपनी पूरी ताकत झोंक कर जनसंपर्क यात्रा के माध्यम से अपने-अपने प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगे। कांग्रेस प्रत्याशी अनिल शर्मा के समर्थन में विशाल जनसंपर्क की यात्रा निकाली गई। जिसमें पालिकाध्यक्ष राजकरण चौधरी, ईशरराम डूडी, अब्दुल रशीद चायल, सेवादल जिलाध्यक्ष संजय दीक्षित, राजेश पारीक, हंसराज सिद्ध, शिवभगवान सेनी, फारूक कुरेशी, महावीर माली, लालबहादुर सेवदा, रामोतार नोहाल, मदनसिंह निर्वाण, जितेंद्र स्वामी, जितेंद्र राजवी रणजीत डागा, ललित सोनी, समाजसेवी रामलाल मिश्र, पार्षद मुंशी भार्टी सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के समर्थन में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की।

- **शनिवार शाम 5 बजे से चुनाव प्रचार बंद**

दोपहर करीब 2 बजे आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल की अगुवाई में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की विशाल जनसंपर्क यात्रा मालजी गार्डन से रवाना हुई जो पांच भाई चौक, बहादुर सिंह कॉलोनी, घंटाघर से मुख्य बाजार होते हुए रेलवे स्टेशन पहुंची। इस दौरान आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल जीप में सवार होकर लोगों का अभिवादन करते नजर आए वहीं कार्यकर्ताओं ने हनुमान बेनीवाल जिंदाबाद के नारे लगाए और लोगों से आरएलपी प्रत्याशी लालचंद मूंड के समर्थन में मतदान करने की अपील की।

# अपराध के बाद राजनीति में भाग्य आजमाना चाहता था राजू ठेहट

## आगामी विधानसभा चुनाव की दातारामगढ़ से तैयारी कर रहा था

- दांतारामगढ़ के लोगों को सोशल मीडिया पोस्ट डालकर त्योहारों की बधाई देता था।
- राजू ठेहट सीकर के बाद जयपुर में भी अपनी जड़ें मजबूत करना चाहता था। इसी मकसद से उसने जयपुर को अपना सुरक्षित ठिकाना बना लिया था।

**जयपुर।** सीकर में शनिवार को गैंगवार में मारे गए गैंगस्टर राजू ठेहट अपराध की दुनिया से बाहर आकर राजनीति में आना चाहता था। इसके लिए वह आगामी विधानसभा चुनाव की दातारामगढ़ से तैयारी कर रहा था।

गैंगस्टर राजू ठेहट अपराध जगत के बाद राजनीति में अपना भाग्य आजमाना चाहता था। वह आने वाले समय में दातारामगढ़ से चुनाव जीतकर विधायक बनना चाहता था। हालांकि इससे पहले ही वह गैंगवार में मारा गया। राजू ठेहट जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद सीकर जिले से ही राजनीति में सक्रिय हो गया था। वह लगातार दांतारामगढ़ के लोगों को सोशल मीडिया पोस्ट डालकर त्योहारों की बधाई देता था। सोशल मीडिया पर उसने कुछ राजनेताओं के साथ फोटो शेयर कर रखी थी। फेसबुक पेज पर राजू ठेहट के करीब 50 हजार से ज्यादा फॉलोवर थे। हालाकि उसकी सोशल मीडिया पोस्ट में कहीं पर भी किसी पार्टी का जिक्र नहीं हैं। राजू ठेहट दांतारामगढ़ क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहकर लोगों के बीच जाता था। जनता के बीच संपर्क साधने की कोशिश लगातार जारी थी। उसने अपना आखिरी फेसबुक पोस्ट 29 अक्टूबर को किया था। जिसमें उसने इंस्टाग्राम अकाउंट की जानकारी फेसबुक पर शेयर की थी। वहीं, उससे पहले दशहरे की बधाई देते हुए पोस्ट 5 अक्टूबर को की गई थी।

वहीं दूसरी ओर राजू ठेहट सीकर के बाद जयपुर में भी अपनी जड़ें मजबूत करना चाहता था। इसी मकसद से उसने जयपुर को अपना सुरक्षित ठिकाना बना लिया था। महेश नगर थाना पुलिस ने शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। उसे स्वेज फार्म में जिस मकान से पकड़ा, उसकी कीमत 3 करोड़ रुपए बताई जा रही है। जयपुर जेल में बंद रहने के दौरान अपनी गैंग को बढ़ाने के मकसद से जयपुर में भी अपना ठिकाना बनाया। यहां विवादित जमीनों और सट्टा कारोबारियों पर उसकी नजरें थी। जेल से बाहर आने के बाद वह वापस सीकर शिफ्ट हो गया था। राजू ठेहट लग्जरी लाइफ जीने का शौकीन था। वह महंगी कार और बाइक पर काफिले के साथ घूमता है। गैंगस्टर राजू ठेहट को सीकर बॉस के नाम से बुलाया जाने लगा था। लोगों में सक्रिय रहने के लिए वह रील बनाकर सोशल मीडिया पर भी डालता रहता था। राजू ठेहट जयपुर स्थित अपने ठिकाने पर कई बार घूमते नजर आया है। कभी अकेले बाइक राइडिंग तो कभी नई लग्जरी कार राइड करते हुए वीडियो शूट किए। अपने गनमैन और कारों के काफिले के साथ रील बनाकर सोशल मीडिया पर डाले हैं। नौ महीने पहले जयपुर में पुलिस ने ठेहट के साथ उसके चार साथियों को भी पकड़ा था। जिसमें उसके तीन गनमैन और एक रसोइया भी थे।

गौरतलब है कि राजस्थान में गैंगस्टर्स आनंदपाल सिंह और राजू ठेहट में करीब दो दशक से वर्चस्व की लड़ाई चली थी। आनंदपाल के एनकाउंटर के बाद राजू ठेहट का वर्चस्व हो गया। जेल में बंद होने के दौरान भी उसके फिरौती मांगकर संरक्षण देने के कई मामले सामने आए थे।

# 'अस्पतालों में मरीजों को मिलें बेहतर चिकित्सा सुविधाएं'



जयपुर जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने शनिवार को राजधारी के जयपुरिया अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

**जयपुर, (का.सं.)।** जयपुर जिले के प्रत्येक राजकीय अस्पताल में मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें और अस्पताल परिसर में सफाई सहित सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हों। ये कहना जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित का। उन्होंने आज राजधानी के जयपुरिया अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान राजपुरोहित ने अस्पताल के सभी विभागों और वार्डों का दौरा किया साथ ही मरीजों की कुशलक्षेम जानने के साथ-साथ अस्पताल की सुविधाओं और सेवाओं को लेकर फीडबैक भी लिया।

कलेक्टर राजपुरोहित ने अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं के विस्तार की संभावनाओं को लेकर अस्पताल प्रबंधन के अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने जयपुरिया अस्पताल के आईपीडी ब्लॉक में लिफ्ट निर्माण के लिए 18 लाख की राशि स्वीकृत करने की अनुशंषा की, साथ ही चिकित्सालय में सुविधा विस्तार के लिए सतत सहयोग का आश्वासन भी दिया। औचक निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के साथ जयपुरिया अस्पताल अधीक्षक मनोज मंगल सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# जयपुर में वायुसेना विद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया



जयपुर के आमेर रोड स्थित वायुसेना विद्यालय के वार्षिकोत्सव ''प्रयास'' में शनिवार को महाराणा प्रताप सभागार में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किये गये।

**जयपुर।** आमेर रोड स्थित वायुसेना विद्यालय जयपुर का वार्षिकोत्सव ''प्रयास'' आज महाराणा प्रताप सभागार में सम्पन्न हुआ।

स्कूल मीडिया इंचार्ज घनश्याम शर्मा ने बताया कि विद्यालय प्राचार्या सीमा भाटी ने ''पुष्पगुच्छ'' भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। समारोह का प्रारंभ मुख्य अतिथि वायुसेना विद्यालय के चेयरमैन द्वारा द्वीप प्रज्वलन के साथ ही सरस्वती वंदना से हुआ। उसके बाद ''सस्टेनेबल डवलपमेन्ट '' थीम पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। ''प्रयास'' नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने वृक्षों की अंधाधुंध कटाई एवं पानी के अत्यधिक दुरुपयोग और पर्यावरण प्रदूषण से उत्पन्न समस्याओं से दर्शकों रुबरू कराया तो सभागार तालियों की गडगडाहट से गुंजायमान हो गया। विद्यालय प्राचार्या सीमा भाटी ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के बीच में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

# 'ब्राह्मण भारत छोड़ो' लिखने वालों को पकड़वाने पर 50 हजार का इनाम

**जयपुर, (का.सं.)।** चाणक्य सेना ने जवाहर लाल नेहरू नेशनल यूनिवर्सिटी (जेएनयू) के कैम्पस में ब्राह्मण, बनियों भारत छोड़ो नारा लिखने वालो को गिरफ्तार करने की मांग की है। साथ ही ऐलान किया है कि जो इन आपत्तिजनक श्लोक लिखने वालो का नाम बतायेगा उसे 50 हजार रुपये और गिरफ्तार करवाने पर 1 लाख रुपये देने की घोषणा की है।

इस संदर्भ में आज पूरे देश के ब्राह्मण संगठनों ने जबरदस्त विरोध एवं आक्रोश व्यक्त किया है। चाणक्य सेना, सर्व ब्राह्मण महासभा, ब्राह्मण सेवा संघ, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, विश्व ब्राह्मण परिषद, अखिल भारतीय ब्राह्मण संघ की आज ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर से संगठनो के पदाधिकारी जुड़े। बैठक की अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं चाणक्य सेना के मुख्य संरक्षक पं. सुरेश मिश्रा ने की। उन्होंने कहा कि इस देश से ब्राह्मण और बनियों को देश क्यों छोड़ देना चाहिए ? क्या इस देश के लिये इन समाजों ने त्याग, तपस्या, बलिदान नहीं दिया। मिश्रा ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो ब्राह्मण सबके हित की बात करता है और देश की एकता और अखंडता के लिये अपने प्राणों को न्यौछावर किया है। उस समाज के विषय में देश के सबसे बड़े विश्वविद्यालय में जातिवाद इस हद तक फैल रहा है। सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय की भावना वाला ब्राह्मण समाज को टारगेट पर लाने वालों के लिए ऐलान किया गया है कि जो इन आपत्तिजनक श्लोक लिखने वालो का नाम बतायेगा उसे 50 हजार रुपये और गिरफ्तार करवाने पर 1 लाख रुपये देने की घोषणा की हैं।

बैठक में सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं चाणक्य सेना के मुख्य संरक्षक पं. सुरेश मिश्रा, ब्राह्मण सेवा संघ विशम्भर दयाल शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के.एन. तिवारी, विश्व ब्राह्मण परिषद डॉ. के.वी. शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण संघ के प्रवीण मिश्रा, कनाडा से डॉ. आजाद कौशिक, नरिष्यंत शर्मा, डॉ. ओम शर्मा, जितेश शुक्ला सहित कई पदाधिकारी सम्मिलित हुये।

# आठ साल में भी धोखाधड़ी की जांच पूरी नहीं होने पर कोर्ट नाराज

- पुलिस आयुक्त जांच अधिकारियों की लापरवाही की जांच कर रिपोर्ट पेश करने के आदेश
- जांच अधिकारी और थानाधिकारी भजनलाल को पेश होने के आदेश भी दिये

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने आठ साल पहले जेडीए थाने में दर्ज धोखाधड़ी से जुड़े मामले की जांच पूरी नहीं करने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने पुलिस आयुक्त को कहा है कि वे तीन दिन में मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को सौंपे। वहीं अदालत ने पुलिस आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि वे प्रकरण में अब तक जांच अधिकारी रहे पुलिसकर्मियों की लापरवाही की जांच कर आठ सप्ताह में रिपोर्ट पेश करें। अदालत ने सात दिसंबर को मामले में नए नियुक्त होने वाले जांच अधिकारी और थानाधिकारी भजन लाल को पेश होने के भी आदेश दिए हैं। जस्टिस उमाशंकर व्यास की एकलपीठ ने यह आदेश राधेश्याम शर्मा की आपराधिक याचिका पर दिए।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अनुसंधान अधिकारी की ओर से जांच में कोई रुचि ही नहीं ली गई और रिकॉर्ड से साबित है कि वह मामले में पूरी तरह निष्क्रिय बने रहे। अदालत ने कहा कि आठ साल में भी अनुसंधान पूर्ण नहीं होना अत्यंत गंभीर विषय है। इसलिए प्रकरण में पुलिस कमिश्नर को निर्देश देना जरूरी है। सुनवाई के दौरान प्रतापनगर थानाधिकारी भजन लाल की ओर से केस डायरी पेश की गई। वहीं सरकारी वकील ने तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश कर कहा कि प्रकरण में जांच की जा रही है। दूसरी ओर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता सुरेंद्र कुमार लांबा ने कहा कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होने के बाद अब तक वास्तविक दस्तावेज तक जब्त नहीं किए हैं। उसके खिलाफ भूमि धोखाधड़ी को लेकर झूठा मुकदमा दर्ज किया गया था। ऐसे में मामले में दर्ज एफआईआर को निरस्त किया जाए। इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने पुलिस आयुक्त को दिशा-निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 7 दिसंबर को तय की है।

# 'कोर्ट से दस्तावेज गायब हुए तो जिम्मेदारी पीठासीन अधिकारी की होगी'

- कर्मचारी संघों की ओर से जिला और सत्र न्यायाधीशों को पत्र लिखकर कहा गया है कि कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर चल रहे हैं। ऐसे में यदि इनमें से कोई सामग्री गायब होती है तो उसकी जिम्मेदारी उन पीठासीन अधिकारी की ही होगी जिनके नियंत्रण में सामग्री है

**जयपुर, (का.सं.)।** न्यायिक अधिकारी के घर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुभाष मेहरा के आत्मदाह से जुड़े मामले में शनिवार को अधीनस्थ अदालतों के कर्मचारियों का सामूहिक अवकाश जारी रहा। कर्मचारी बीते 18 नवंबर से सामूहिक अवकाश पर चल रहे हैं। वहीं राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ की ओर से जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को पत्र लिखकर कहा गया है कि कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर चल रहे हैं। ऐसे में समस्त स्टॉक, स्टोर, पुस्तकें, चार्जशीट और बयानों सहित अन्य दस्तावेज व कंप्यूटर का डाटा संबंधित पीठासीन अधिकारी के नियंत्रण में हैं। ऐसे में यदि इनमें से कोई सामग्री गायब होती है तो उसकी जिम्मेदारी उन पीठासीन अधिकारी की ही होगी।

कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि कई अदालतों में निजी व्यक्ति कोर्ट के कंप्यूटर डाटा से छेड़छाड़ कर रहे हैं। ऐसे में कोर्ट की गोपनीयता भंग होने के साथ-साथ बेशकीमती डाटा भी चोरी होने की संभावना है। वहीं मोबाइल कोर्ट में चालान पुलिसकर्मी जमा कर रहे हैं, लेकिन राशि को राजकोष में जमा नहीं कराया जा रहा है। ऐसे में इस राशि के गबन होने की भी संभावना है। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सतबीर सिंह और संघर्ष समिति के अध्यक्ष बद्रीलाल चौधरी ने बताया कि सामूहिक अवकाश के 16वें दिन डीजे सिटी कोर्ट से लेकर जिला कोर्ट तक रैली निकाली गई। वहीं सीजे पंकज मित्थल से वार्ता के बाद भी मांगे पूरी नहीं हुई हैं। इसलिए अब न्यायिक कर्मचारी सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन देने दिल्ली जाएंगे। गौरतलब है कि एनडीपीएस मामलों की विशेष कोर्ट में पदस्थापित कर्मचारी सुभाष मेहरा ने 10 नवंबर को न्यायिक अधिकारी के घर की छत पर आत्मदाह कर लिया था। न्यायिक कर्मचारियों का कहना है कि सुभाष की हत्या हुई है।

## एटीएस के डीआईजी सड़क हादसे में घायल

**रींगस, जयपुर (निस)।** सीकर में गैंगस्टर राजू ठेहट की हत्या के बाद जयपुर से सीकर के लिए रवाना हुए एटीएस के डीआईजी अंशुमान भौमिया की गाड़ी से नील गाय टकरा जाने से वे घायल हो गये। यह हादसा रींगस में ममता होटल के सामने हुआ।

पुलिस के अनुसार राजमार्ग 52 पर रींगस में ममता होटल के सामने नील गाय सड़क पर आने से एटीएस के डीआईजी अंशुमान भौमिया की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में डीआईजी अंशुमान भौमिया की पीठ में चोट आई। इसके बाद डीआईजी अंशुमान भौमिया जयपुर के लिए रवाना हो गये।

# जयपुर कलेक्ट्रेट को पेपरलेस बनाने की कवायद शुरू

- ई-फाइलिंग लागू करने वाला प्रदेश का पहला कलक्ट्रेट बना जयपुर

**जयपुर, (का.सं.)।** जयपुर कलक्टर प्रकाश राजपुराहित ने एक और नवाचार के तहत जयपुर कलेक्ट्रेट में ई-फाइलिंग सिस्टम को लागू किया है। राजपुरोहित ने बताया कि राजस्थान में ई-फाइलिंग लागू करने वाला जयपुर पहला कलेक्ट्रेट होगा। कलेक्ट्रेट की संस्थापन शाखा और सामान्य शाखा से ई-फाइलिंग सिस्टम की शुरुआत की गई है। जल्द ही ई-फाइलिंग सिस्टम को पूरे कलेक्ट्रेट में लागू किया जाएगा।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रथम दिनेश कुमार शर्मा ने कहा कि जयपुर जिला कलेक्ट्रेट को पेपरलैस बनाने की दिशा में ई-फाइलिंग सिस्टम मील का पत्थर साबित होगा। इस फैसले से ना केवल कागज की बचत होगी बल्कि फाइलों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग करना भी मुमकिन होगा। जिला कलेक्ट्रेट में अभी तक राजकार्य कागज की पत्रावलियों के माध्यम से हो रहा था। जिससे ना केवल बड़ी मात्रा में कागज की खपत हो रही थी, साथ ही इन पत्रावलियों और फाइलों का सुरक्षित संधारण सुनिश्चित करना मुश्किल होता था। अब राजस्थान सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा तैयार किये गए राजकाज सॉफ्टवेयर से सारा राजकार्य ई-फाइलिंग सिस्टम के जरिये होगा। जिसके तहत पत्रावली भौतिक ना होकर ऑनलाइन प्रारूप में होगी। राजकाज सॉफ्टवेयर पर ही पत्रावली तैयार की जाएगी और ऑनलाइन ही संबंधित अधिकारी को अग्रेषित की जाएगी। अधिकारी अपनी एसएसओ आईडी से लॉगइन कर पत्रावली पर कार्यालय टिप्पणी कर सकेंगे या फिर डिजिटल साइन के माध्यम से फाइल का अनुमोदन कर सकेंगे। साथ ही ऑनलाइन ही आदेश भी जारी हो सकेंगे। ई-फाइलिंग सिस्टम लागू होने से जयपुर कलेक्ट्रेट में कार्यालय टिप्पणी से लेकर पत्रावली अनुमोदन तक की सारी प्रक्रिया पेपर लैस हो जाएगा और फाइलों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा सकेगी। फाइलों के फिजिकल मूवमेंट नहीं होने से पेपर, समय और मानवश्रम की बचत तो होगी ही साथ ही वर्क फ्रॉम होम और वर्क एनी वेयर, एनी टाइम की अवधारणा भी मुमकिन हो पाएगी।

# पटवारी से सेवा परिलाभ वापस लेने का आदेश रद्द

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने पटवारी को पच्चीस साल पहले दिए सेवा परिलाभ को दिसंबर 2017 में वापस लेने के आदेश को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने सेवानिवृत्त पटवारी को सेवानिवृत्त परिलाभ छह फीसदी ब्याज सहित देने को कहा है। जस्टिस अशोक गौड की एकलपीठ ने यह आदेश रामस्वरूप वर्मा की याचिका पर दिए। अदालत ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि कर्मचारी को दिए सेवा परिलाभों को 25 साल बाद यह कहते हुए वापस लिया गया कि उसकी पे-स्केल बदल गई है। वरिष्ठ अफसरों का अपने जूनियर कर्मचारियों के साथ ऐसा करना न्यायोचित नहीं कहा जा सकता।

याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता की नियुक्ति 29 जुलाई 1983 को हुई थी। वहीं जुलाई 1992 में उसका फिक्सेशन किया गया। इसके बाद वर्ष 2002 में उसे सलेक्शन स्केल का लाभ भी दिया गया।

# 35 सर्वश्रेष्ठ विशेष योग्यजन सहित 52 व्यक्तियों को किया सम्मानित

**जयपुर, (का.सं.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि विशेष योग्यजनों को समाज में समान अवसर देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है तथा उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए राज्य सरकार हर संभव मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि विशेष योग्यजनों के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्य करने के कारण ही अलवर, राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार मिला है।

जूली शनिवार को एच. सी. एम. रीपा के भगवन्त सिंह सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विशेष योग्यजनों को आत्मसम्मान के साथ जीवन सशक्त करने तथा राज्य की प्रगति में योगदान करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। राज्य सरकार द्वारा सरकारी नौकरी में विशेष योग्यजनों को आरक्षण 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 4 प्रतिशत किया गया है। राजकीय सेवारत विशेष योग्यजनों को पदोन्नति में 4 प्रतिशत आरक्षण का लाभ भी दिया गया है।



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने शनिवार को वर्ष 2022-23 में विशेष योग्यजनों के लिए स्कूटी वितरण योजना का शुभारम्भ किया।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने समारोह में 35 विशेष योग्यजनों एवं 17 विशेष योग्यजनों के लिए कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया। जूली ने कार्यक्रम में वर्ष 2022-23 में विशेष योग्यजनों के लिए स्कूटी वितरण योजना का शुभारम्भ किया। उन्होंने विशेष योग्यजन स्कूटी सवार के पीछे बैठे और उनके साथ फोटो भी खिंचवाई।

## युवती की निजी फोटो वायरल

**जयपुर (कासं)।** रामगंज थाना इलाके में एक युवती के निजी फोटो वायरल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी 24 वर्षीया युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि डॉ रजत पंवार ने लगातार पीछा कर दबाव बना कर दोस्ती की। अब उसने निजी फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी है।

# युवती को जहर खिलाकर मारने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार

## प्रेमिका और उसके दोस्त के बीच अवैध संबंधों के शक के कारण की थी हत्या

- आरोपी ने युवती को पहले तो मरने के लिए उकसाया, बाद में खुद ही जहरीला कीटनाशक लेकर पहुंचा और युवती के साथ स्वयं भी जहर पीने का नाटक रचा



सिंधी कैंप थाना पुलिस ने युवती को जहर देकर मारने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया।

**जयपुर (कासं)।** सिंधी कैंप थाना पुलिस ने युवती को जहर देकर मारने वाले एक शातिर आरोपी को धर-दबोचा है। जिससे पुलिस पूछताछ करने में जुटी है।

थानाधिकारी जयमल सिंह ने बताया कि हत्या के आरोप में राहुल मिश्रा उर्फ रिप्पू निवासी गेटोर गांधी कॉलोनी ब्रह्मपुरी को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी राहुल मिश्रा की करीब चार-पांच वर्षों से मृतका के साथ दोस्ती थी। गत 5 अक्टूबर की शाम को मृतका, आरोपी राहुल को बताए बिना अपने एक अन्य दोस्त के साथ पार्टी करने किसी रिपोर्ट पर चली गई थी। इस बात को लेकर राहुल उससे नाराज हो गया। उसे युवती और उसके दोस्त के बीच नाजायज संबंधों को लेकर शक था। इस बात पर दोनों के बीच झगड़ा भी हुआ। आरोपी ने रातभर मृतका को फोन कॉल्स व मैसेज किये और उसे बार-बार मरने के लिए उकसाया। उसने खुद भी युवती को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद 6 अक्टूबर को आरोपी राहुल मिश्रा ने खुद ही एक जहरीले कीटनाशक की बोतल खरीदी और होटल के एक कमरे में मृतका के साथ खुद भी जहर पीने का नाटक करते हुए युवती को काफी मात्रा में जहरीला पदार्थ पिला दिया, इससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। आरोपी राहुल, जहरीला पदार्थ पीने के बाद मृतका का बैचेनी की हालात में रोते हुए वीडियो भी मोबाइल से रिकॉर्ड करता है और उस वीडियो को मृतका के दोस्त को भेजता है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की है।



मुझे नहीं पता कि भारत आएगा या नहीं आएगा तो क्या होगा, लेकिन हम नहीं चाहते कि टूर्नामेंट पाकिस्तान से बाहर हो। अगर ऐसा होता है, तो हम पूरी तरह से इस आयोजन से हटने पर विचार करेंगे। - रमीज राजा

पीसीबी अध्यक्ष, एशिया कप को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## रिंकी पोंटिंग

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पॉन्टिंग ने सीने में दर्द की शिकायत के 24 घंटे बाद शनिवार को यहां कमेंट्री करने के लिये स्टेडियम लौटकर पूर्व क्रिकेटर जस्टिन लैंगर और चैनल सेवन के अध्यक्ष क्रिस जोन्स को उन्हें फौरन चिकित्सीय सहायता तक पहुंचाने का श्रेय दिया। पॉन्टिंग को ऑस्ट्रेलिया और वेस्ट इंडीज के बीच टेस्ट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को कमेंट्री करते हुए सीने में तेज दर्द उठा, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। पॉन्टिंग ने चैनल सेवन से कहा, कल मैंने बहुत लोगों को डरा दिया था और वह पल मेरे लिये भी दरावना था।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट इतिहास के 1877 में सबसे पहले टैस्ट में खेलने वाले एडवर्ड ग्रेगरी, उनके पुत्र सिडी ग्रेगरी और उनके भतीजे जैक ग्रेगरी ने अपने टैस्ट जीवन की शुरुआत शून्य (0) से की।

# अमेरिका को हरा नीदरलैंड सबसे पहले क्वार्टरफाइनल में

## 3-1 से जीतकर आठ साल बाद विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में पहुंचा

कतर, 3 दिसम्बर। नीदरलैंड ने प्री-क्वार्टर फाइनल में अमेरिका को 3-1 से हरा दिया। वह इस जीत के साथ ही क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया है। अमेरिकी टीम का 2002 के बाद अंतिम-8 में पहुंचने का सपना टूट गया। नीदरलैंड के मैच में पहला गोल मेम्फिस डिपाय ने किया। उन्होंने 10वें मिनट में ही टीम को बढ़त दिला दी। उनके बाद हाफटाइम से ठीक पहले डेली ब्लिंड ने गोल कर टीम को 2-0 से आगे कर दिया। 76वें मिनट में हाजी राइट ने गोलकर अमेरिकी टीम की वापसी कराई, लेकिन पांच मिनट बाद डेन्जेल डम्फ्रिज ने गोलकर नीदरलैंड की बढ़त को 3-1 कर दिया।

अमेरिकी टीम ने मैच में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन उसके खिलाड़ी गोल नहीं कर सके। अमेरिका ने गोल के लिए 17 प्रयास किए। इनमें से आठ टारगेट पर रहे। पास, पासिंग एक्यूरेसी और पजेशन में भी वह आगे रहा, लेकिन मैच का नतीजा उसके पक्ष में नहीं रहा। अमेरिकी खिलाड़ियों ने 569 पास किए। वहीं, नीदरलैंड ने 415 किए। अमेरिका की पासिंग एक्यूरेसी 82 फीसदी और नीदरलैंड की 76 फीसदी रही। अमेरिका के पास 59 और नीदरलैंड के पास 41 फीसदी बॉल पजेशन रहा। क्वार्टर फाइनल मेंनीदरलैंड का मुकाबला अर्जेंटीना या ऑस्ट्रेलिया से होगा। नीदरलैंड की टीम 2014 के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। वह 2018 में क्वालीफाई नहीं कर पाया था। नीदरलैंड सातवीं बार अंतिम-8 में पहुंचा है।



## सेनेगल के खिलाफ इंग्लैंड के लिये खिलाड़ियों की एकजुटता ही होगा जीत का मंत्र

दोहा, 3 दिसंबर। इंग्लैंड के कोच गेरेथ साउथगेट के खिलाड़ी रविवार को फीफा विश्व कप के राउंड 16 मुकाबले में सेनेगल के खिलाफ शानदार लय को जारी रख अगले दौर में पहुंचने के लिये बेताब होंगे। टीम के खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में अभी तक एकजुट होकर प्रदर्शन किया जिसकी बदौलत टीम ग्रुप बी में सात अंक लेकर शीर्ष पर रहकर राउंड 16 में पहुंची। टीम ने अभी तक टूर्नामेंट में नौ गोल किये जिससे वह सबसे ज्यादा गोल करने में स्पेन के साथ बराबरी पर चल रही है। किसी भी टीम ने ग्रुप चरण में इंग्लैंड (सात अंक) से ज्यादा अंक नहीं हासिल किये। वह उन तीन टीमों से एक है जिसे हार का सामना नहीं करना पड़ा है जिससे इंग्लैंड मुकाबले में जीत की प्रबल दावेदार है।

साउथगेट और कप्तान हैरी केन का खिलाड़ियों को संदेश यही था कि वे फोकस बरकरार रखें और इसी तरह एकजुट होकर खेलते रहें। ग्रुप चरण में बेल्जियम और जर्मनी जैसी दिग्गज टीमें बाहर हो गयीं जबकि गत चैम्पियन फ्रांस के साथ अर्जेंटीना, स्पेन, ब्राजील और पुर्तगाल को उलटफेर के मुंह देखने पड़े। और अगर सोचा जाये तो इंग्लैंड का अमेरिका का गोलरहित ड्रा भी हैरान करने वाले नतीजे के रूप में देखा गया जिससे मैच के दौरान 'थ्री लायंस' (इंग्लैंड) के दर्शकों ने जोरदार हूटिंग भी की।

डिफेंडर जॉन स्टोन्स ने कहा, "मुझे लगता है कि जब आप बड़ी टीम या टीम के बड़े खिलाड़ियों को उम्मीदों पर खरा उतरते हुए नहीं देखते तो यह हमेशा मुश्किल होता है।" उन्होंने कहा, "हम इस 'कैटेगरी' में शामिल नहीं होना चाहते। मुझे लगता है कि यह हमारे लिये प्रेरणादायी चीज है। आप जिस भी टीम के खिलाफ खेल रहे हो, उसे हल्के में नहीं लेना चाहोगे। इंग्लैंड ने अभी तक विश्व कप में सफलता 1966 में हासिल की जब उसने इसकी मेजबानी की थी। तब से उसके हाथ कभी भी ट्राफी नहीं लगी है।

# 24 वर्ष में पहली बार ग्रुप चरण में हारा ब्राजील

## कैमरून ने 1-0 से हाराया



लुसैल (कतर), 3 दिसंबर। विंसेंट अबूबकर के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में किए गए गोल की बदौलत कैमरून ने ब्राजील को 1-0 से पराजित करके उसे पिछले 24 वर्षों में विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप चरण में पहली हार का स्वाद चखाया लेकिन इसके बावजूद पांच बार का चैंपियन ठ्ुप जी में शीर्ष पर रहकर नॉकआउट चरण में पहुंचा।

अबूबकर ने ब्राज़ील के गोलकीपर एडरसन हो छकाकर हैडर से गोल किया और इसके बाद जश्न में अपनी शर्ट उतार दी। कैमरून के कप्तान ने कॉर्नर फ्लैग के पास में अपनी शर्ट फेंकी जिसके बाद रेफरी ने उन्हें पीला कार्ड दिखा दिया। यह उनका दूसरा पीला कार्ड था जिसके कारण उन्हें मैदान से बाहर होना पड़ा।

कैमरून ने इससे पहले विश्वकप में पिछले नौ मैचों में जीत दर्ज नहीं की थी। ब्राजील इस मैच में अपने रिजर्व खिलाड़ियों के साथ उतरा था। उसने 1998 फ्रांस में नार्वे के हाथों 2-1 से हार के बाद ग्रुप चरण में लगातार 17 मैच जीते थे। यह उसकी विश्वकप में ग्रुप चरण के पिछले 29 मैचों में पहली हार है। ब्राजील ने ग्रुप चरण के अपने पहले दो मैचों में सर्बिया और स्विट्जरलैंड को हराकर नॉकआउट में अपनी जगह पक्की कर दी थी। वह अंतिम 16 में दक्षिण कोरिया का सामना करेगा।

यह लगातार 11वां अवसर है जबकि ब्राजील विश्वकप में अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहा। ब्राजील और स्विट्जरलैंड दोनों के समान छह अंक रहे लेकिन दक्षिण अमेरिकी टीम बेहतर गोल अंतर के कारण चोटी पर रही। स्विस टीम अंतिम 16 में पुर्तगाल का सामना करेगी। कैमरून ने चार अंक और सर्बिया ने एक अंक के साथ अपने अभियान का अंत किया।

ब्राजील के कोच टिटे ने अपने नियमित खिलाड़ियों को विश्राम दिया और सोमवार को स्विट्जरलैंड के खिलाफ जीत दर्ज करने वाली टीम में 10 बदलाव किए। ब्राज़ील की टीम इस मैच में भी चोटिल नेमार के बिना उतरी थी। दोनों टीम ने गोल करने के कुछ मौके बनाए लेकिन उसका फायदा नहीं उठा सके। ऐसे में जेरोम नगोम मबेकेली के दाएं छोर से दिए गए क्रॉस पर अबूबकर ने हैडर से विजयी गोल दागा। एंटनी, पेड्रो और गेब्रियल मार्टिनेली के पास ब्राजील की तरफ से गोल करने के बेहतरीन मौके थे लेकिन अंतिम क्षणों की चूक के कारण वे अपनी टीम को बढ़त नहीं दिला पाए।

## सर्बिया को शिकस्त देकर स्विट्जरलैंड अंतिम 16 में

दोहा, 3 दिसंबर। स्विट्जरलैंड ने सर्बिया को 3-2 से हराकर विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में लगातार तीसरी बार अंतिम 16 में जगह बनाई। शुक्रवार को खेले गए ग्रुप जी के इस मैच में रेमो फ्रेयुलर (48वें मिनट) ने मध्यांतर के तुरंत बाद विजयी गोल दागा। इस जीत से स्विट्जरलैंड ग्रुप में ब्राजील के बाद दूसरे स्थान पर रहा। वह अंतिम 16 में मंगलवार को लुसैल स्टेडियम में पुर्तगाल का सामना करेगा।

जेरदान शाकिरी ने 20वें मिनट में स्विट्जरलैंड के लिए पहला गोल दागकर उसे बढ़त दिलाई लेकिन सर्बिया ने अलेक्जेंडर मित्रोविच (26वें मिनट) और दुसान व्लाहोविच (35वें मिनट) के गोल की मदद से शानदार वापसी की। ब्रेल एम्बोलो (44वें मिनट) ने मध्यांतर से ठीक पहले गोल करके स्विट्जरलैंड को बराबरी दिलाई।

स्विट्जरलैंड इससे पहले ब्राजील से हार गया था जबकि उसने कैमरून को हराया था। ऐसे में सर्बिया के खिलाफ जीत से उसका अंतिम 16 में स्थान पक्का था। उसके और ब्राजील के समान छह अंक रहे लेकिन दक्षिण अमेरिकी टीम बेहतर गोल अंतर के कारण ग्रुप में शीर्ष पर रही। स्विट्जरलैंड की टीम ब्राजील में खेले गए 2014 के विश्वकप और इसके चार साल बाद रूस में भी अंतिम 16 में पहुंची थी। उसे हालांकि इन दोनों विश्वकप में क्रमशः अर्जेंटीना और स्वीडन से 1-0 के समान अंतर से हार का सामना करना पड़ा था।

## ब्राजील के प्रशंसकों ने विश्वकप मैच से पहले महान पेले को याद किया

लुसैल (कतर), 3 दिसंबर। ब्राजील के प्रशंसकों ने कैमरून के खिलाफ शुक्रवार को विश्वकप मैच से पहले अपने जमाने के दिग्गज फुटबॉलर पेले को याद किया। पेले अभी 82 साल के हैं और उनका पिछले साल आंतों के कैंसर का इलाज हुआ था। उन्हें मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार उन्हें सांस संबंधी दिक्कत है और वह अभी अस्पताल में भर्ती रहेंगे। ब्राजील के प्रशंसक राफेल बिस्टेली ने कहा, "ब्राजील के विश्वकप मैच के दौरान पेले के बारे में सुनकर दुख पहुंचा। हम यहां से उनके लिए सकारात्मक ऊर्जा भेजने का प्रयास कर रहे हैं।" कतर में ब्राजील के प्रशंसकों ने एक बैनर लहराया जिस पर पेले की तस्वीर बनी हुई थी।

## ब्रैथवेट ने टेस्ट को पांचवें दिन तक पहुंचाया

पर्थ, 3 दिसंबर। कप्तान क्रेग ब्रैथवेट (101 नाबाद) के शतक की बदौलत वेस्ट इंडीज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के चौथे दिन शनिवार को 498 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन विकेट के नुकसान पर 192 रन बना लिये। विंडीज को पांचवें दिन जीत के लिये 306 रन चाहिये, जबकि ऑस्ट्रेलिया को सात विकेट की दरकार है। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन 29/1 के स्कोर से आगे खेलते हुए 153 रन और जोड़े। डेविड वॉर्नर ने 17 रन के निजी स्कोर से दिन की शुरुआत की और 71 गेंदों पर पांच चौकों के साथ 48 रन बनाये। वॉर्नर अपने अर्द्धशतक से चूक गये, लेकिन मार्नस लाबुशेन ने मैच में दूसरी बार 100 रन का आंकड़ा पार किया। पहली पारी में 204 रन बनाने वाले लाबुशेन ने दूसरी पारी में 110 गेंदों पर 13 चौकों और दो छक्कों के साथ 104 रन की नाबाद पारी खेली। इसके अलावा स्टीव स्मिथ ने 29 गेंदों पर 20 रन का योगदान दिया और ऑस्ट्रेलिया ने लंच होते ही 182 रन के स्कोर पर पारी घोषित कर दी। वेस्ट इंडीज को मैच ड्रॉ कराने के लिये पांच सत्र बल्लेबाजी करने की जरूरत थी और ब्रैथवेट ने दिन का खेल समाप्त होने से पहले दो सत्रों में उनकी पारी को संबल दिया। सलामी बल्लेबाज ब्रैथवेट और तेजनारायण चंद्रपॉल ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 116 रन की शतकीय साझेदारी बुनी। अपना पदार्पण टेस्ट खेल रहे चंद्रपॉल ने मिचेल स्टार्क की गेंद पर आउट होने से पहले 126 गेंदें खेलकर 45 रन बनाये, जिसमें चार चौके शामिल थे।

## 3 बल्लेबाजों के शतक, फिर भी पाक पीछे

रावलपिंडी, 3 दिसंबर। पाकिस्तान ने अब्दुल्लाह शफीक, इमाम-उल-हक और बाबर आज़म के शतकों की बदौलत इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को सात विकेट के नुकसान पर 499 रन बना लिये, हालांकि वह अब भी 158 रन से पीछे है।

पिंडी क्रिकेट स्टेडियम के बेजान विकेट पर पाकिस्तान ने 181 रन से शुरुआत की और दोनों सलामी बल्लेबाजों ने अपने शतक पूरे किये। शफीक ने 203 गेंदों पर 13 चौकों और तीन छक्कों के साथ 114 रन बनाये जबकि इमाम ने 207 गेंदों पर 15 चौके और दो छक्के लगाकर 121 रन का योगदान दिया। विल जैक्स ने शफीक को आउट किया जबकि जैक लीच ने इमाम और अज़हर अली (27) का विकेट निकाला। पहले सत्र में तीन विकेट गंवाने के बाद पाकिस्तानी ने सावधानी बरतते हुए पारी को आगे बढ़ाया और दूसरे सत्र में कोई नुकसान नहीं होने दिया। बाबर ने अपना आठवां टेस्ट शतक जड़ते हुए सऊद शकील के साथ 123 रन की साझेदारी की। बाबर ने 168 गेंदें खेलकर 19 चौके और एक छक्का लगाते हुए 136 रन बनाये, जबकि शकील ने अपनी 94 गेंदों की पारी में तीन चौकों के साथ 37 रन का योगदान दिया।

इंग्लैंड ने आखिरी सत्र में विकेटों की तलाश में आक्रामक फील्ड सजाई और उन्हें इसका लाभ भी मिला। ओली रॉबिन्सन की गेंद पर शकील के आउट होने के बाद जैक्स ने बाबर और नसीम शाह को अपना शिकार बनाया। मोहम्मद रिज़वान (29) पांच चौके लगाकर अच्छी लय में दिख रहे थे लेकिन जेम्स एंडरसन की गेंद पर शॉर्ट मिड-विकेट पर कैच थमा बैठे।

दिन का खेल खत्म होने पर आगा सलमान (10) और ज़ाहिद महमूद (एक) क्रीज पर मौजूद हैं। पाकिस्तान को पहली पारी में इंग्लैंड के 657 रन की बराबरी करने के लिये अभी 158 रन और बनाने हैं।

## भारत 7 साल बाद बांग्लादेश में वनडे खेलेगा

मीरपुर, 3 दिसंबर। भारत सात साल बाद बंगलादेश में वनडे खेलते हुए रविवार को यहां शेर-ए-बंगला स्टेडियम पर पहले एकदिवसीय मैच में मेज़बान टीम का सामना करेगा। भारत ने बंगलादेश में अपना पिछला एकदिवसीय मैच इसी मैदान पर 24 जून 2015 को खेला था, जहां उसने मेज़बान को 77 रन से मात दी थी। सुरेश रैना ने बल्ले से 38 रन का योगदान देने के बाद तीन विकेट झटके थे। शेर-ए-बंगला स्टेडियम की धीमी पिच पर भारत को एक बार फिर स्पिन गेंदबाजी करने वाले ऑलराउंडर से बड़ी उम्मीद होगी।

घुटने की चोट से उभर रहे रवींद्र जडेजा की अनुपस्थिति में वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल और शाहबाज़ अहमद में से कोई दो ऑलराउंडर टीम में जगह बनाकर योगदान दे सकते हैं। भारत अगले साल स्वदेश में होने वाले विश्व कप 2023 की तैयारी शुरू कर चुका है और इस सीरीज का प्रदर्शन विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिये महत्वपूर्ण होगा।

मोहम्मद शमी के कंधे में चोट लगने के बाद मोहम्मद सिराज भारतीय गेंदबाजी की अगुवाई करेंगे। उनके साथ दीपक चाहर और शार्दुल ठाकुर टीम में दिख सकते हैं। चाहर और ठाकुर गेंद के अलावा बल्ले से भी योगदान दे सकते हैं और भारतीय बल्लेबाजी को बहुमूल्य गहराई प्रदान करेंगे।

भारत ने न्यूजीलैंड दौरे पर युवा खिलाड़ियों को भेजा था लेकिन इस सीरीज के लिये पूर्णकालिक कप्तान रोहित शर्मा, लोकेश राहुल और विराट कोहली टीम में वापस आ गये हैं और अपने अनुभव से बंगलादेश के सामने चुनौती पेश करेंगे।

दूसरी ओर, बंगलादेश को इस सीरीज में वनडे कप्तान तमीम इक़बाल और तस्कीन अहमद के बिना उतरना होगा। तमीम की गैरमौजूदगी ने हालांकि वामहस्त बल्लेबाज लिटन दास को कप्तानी का मौका दिया है जो भविष्य में बंगलादेश की कमान संभालने के प्रबल दावेदार हैं।

लिटन ने इस साल एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 62.50 की औसत से 500 रन बनाये हैं। वह कप्तानी की नयी जिम्मेदारी को किस तरह संभालते हैं यह देखना दिलचस्प होगा। बंगलादेश ने अक्टूबर 2016 के बाद से घर में कोई घरेलू एकदिवसीय शृंखला नहीं गंवाई है इसलिये भारत को मेज़बान टीम के खिलाफ सतर्क रहना होगा।

## लक्ष्य के खिलाफ उम्र में कथित धोखाधड़ी के लिये एफआईआर दर्ज

बेंगलुरु, 3 दिसंबर। भारत के नंबर एक बैडमिंटन खिलाड़ी और राष्ट्रमंडल खेल 2022 के गोल्ड मेडलिस्ट लक्ष्य सेन के खिलाफ उम्र में धोखाधड़ी करने के लिये एफआईआर दर्ज करवाई गयी है। एम गोवियप्पा नागराज नामक व्यक्ति द्वारा दर्ज की गयी एफआईआर के अनुसार लक्ष्य ने विशिष्ठ आयु-वर्ग की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिये 2010 में दस्तावेजों पर अपनी उम्र कम की थी। इस एफआईआर में लक्ष्य के भाई चिराग सेन, उनके पिता धीरेंद्र सेन, पूर्व कोच विमल कुमार और उनकी माता निर्मला का नाम शामिल है। इन लोगों पर भारतीय दंड संहिता के तहत धोखाधड़ी (धारा 420), जालसाजी (468), जाली दस्तावेज़ को वास्तविक (471) के रूप में उपयोग करने और कई व्यक्तियों द्वारा सामान्य इरादे से किये गये कार्यों (34) के आरोप लगाये गये हैं। उत्तराखंड से ताल्लुक रखने वाले चिराग और लक्ष्य बेंगलुरु में प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी में कुमार के अधीन प्रशिक्षण लेते हैं, जबकि शिकायतकर्ता नागराज यहां एक अन्य अकादमी चलाता है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि कुमार ने 2010 में जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिये लक्ष्य के माता-पिता के साथ सांठगांठ की। यदि लक्ष्य के खिलाफ आरोप साबित हो जाते हैं तो हाल ही में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित हुए स्टार शटलर को कई उपलब्धियों से हाथ धोना पड़ेगा।

## ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 5-1 से रौंदा

एडिलेड, 3 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को चौथे हॉकी टेस्ट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए भारत को 5-1 से रौंदकर पांच मैचों की शृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। मेट स्टेडियम पर खेले गये एकतरफा मैच में ऑस्ट्रेलिया के लिये जेरेमी हेवर्ड (29वां, 41वां) ने दो गोल किये, जबकि जेकब व्हेटन (30वां), टॉम विक्हम (34वां) और मैथ्यू डॉसन (54वां मिनट) ने एक-एक गोल जमाया। भारत का एकमात्र गोल दिलप्रीत सिंह (25वां मिनट) ने किया। तीसरे हॉकी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 4-3 से हराने के बाद भारतीय खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरे थे। दिलप्रीत ने दूसरे क्वार्टर में मैच का पहला गोल करके भारत को शुरुआती बढ़त भी दिला दी, लेकिन इसके बाद ऑस्ट्रेलिया मैच को भारत की पकड़ से दूर ले जाता रहा। हेवर्ड और व्हेटन ने दूसरे क्वार्टर के खत्म होने से पहले एक मिनट के अंतराल में दो गोल करके ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिलाई। तीसरे क्वार्टर में विक्हम और हेवर्ड के गोल ने भारत को मैच से बाहर कर दिया। भारत ने चौथे क्वार्टर में थोड़ी आक्रामकता दिखाई लेकिन डॉसन ने गोल करके ऑस्ट्रेलिया की 5-1 की जीत सुनिश्चित की।

## चेन्नइयन एफसी को 3-1 से हराकर हैदराबाद एफसी फिर तालिका में दूसरे स्थान पर

चेन्नई, 3 दिसंबर। मौजूदा चैम्पियन हैदराबाद एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल में लगातार दो हार के पीछे छोड़ते हुए शनिवार को यहां चेन्नइयन एफसी को 3-1 से शिकस्त दी। हैदराबाद की जीत में हालिचरण नार्जरी (65वें), चिंगलेसाना कोंशाम (74वें) और स्थानापन्न बोर्जा हेरारा (85वें मिनट में) ने गोल दागे। हैदराबाद एफसी की यह नौ मैचों में छठी जीत थी और टीम 19 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। दूसरी ओर आठ मैचों में चौथी हार का सामना करने वाली चेन्नइयन एफसी की टीम इस मुकाबले के बाद 10 अंक के साथ सातवें स्थान पर है। मैच के 71वें मिनट के बाद चेन्नइयन एफसी को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने पर मजबूर होना पड़ा। टीम के राइट-बैक अजीत को मैच का दूसरा येलो कार्ड दिखाया । जिससे उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। क्रोएशियाई स्ट्राइकर पेटर स्लीस्कोविक ने मैच के 78 वें मिनट में चेन्नइयिन के लिए इकलौता गोल किया।

## आईओए चुनावों में उपाध्यक्ष का निर्विरोध चुना जाना तय

नयी दिल्ली, 3 दिसंबर। छह बार के शीतकालीन ओलंपियन शिव केशवन ने शनिवार को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के चुनाव से पहले कार्यकारी परिषद के सदस्य पद के लिए अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। भारतीय नौकायन महासंघ (रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया) की अध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव को 10 दिसंबर को होने वाले चुनावों में उपाध्यक्ष (महिला) पद के लिए निर्विरोध चुना जाएगा क्योंकि भारतीय बैडमिंटन संघ की अलकनंदा अशोक ने नाम वापसी के आखिरी दिन इन चुनावों से हटने का फैसला किया। केशवन ने कार्यकारी परिषद के आम सदस्यों के चार पदों में से एक के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया था। उन्होंने शीतकालीन खेलों के उम्मीदवारों के बीच 'मतों के विभाजन' से बचने के लिए अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। भारतीय आइस स्केटिंग संघ के अमिताभ शर्मा और भारतीय आइस हॉकी संघ के हरजिंदर सिंह भी कार्यकारी परिषद के सदस्यों के उम्मीदवार हैं। भारतीय ल्यूज महासंघ के प्रतिनिधि केशवन ने कहा, " मैंने चुनाव से हटने का फैसला किया क्योंकि शीतकालीन खेलों से तीन लोगों को रखने का कोई मतलब नहीं है। इससे मत बंट जाते।" कार्यकारी परिषद के लिए नामांकन करने वाले तीन अन्य उम्मीदवार शालिनी ठाकुर चावला, प्रशांत कुशवाहा और दिग्विजय चौटाला भी चुनाव से हट गए।

## एशियाई अंडर-17 के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बनी उन्नत

नोनथाबुरी (थाईलैंड), 3 दिसंबर। युवा भारतीय शटलर उन्नित हुड्डा बैडमिंटन एशियाई अंडर-17 और अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप 2022 के सेमीफाइनल में शनिवार को जापान की मिओन योगोउची को हराकर अंडर-17 एकल फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बन गयीं। उन्नित ने अपने विजय रथ को आगे बढ़ाते हुए योकोउची को 21-8, 21-17 के सीधे गेमों में हराकर फाइनल में कदम रखा। ओडिशा ओपन 2022 का महिला एकल खिताब जीतने वाली उन्नित ने एशियाई टूर्नामेंट में एक भी गेम नहीं गंवाया है। फाइनल में उन्नित का सामना मेज़बान थाईलैंड की सरुनरक वितिदसर्न से होगा। इसी बीच, उन्नित के हमवतन अनीष थोप्पानी ने अंडर-15 के पुरुष एकल फाइनल में जगह बनायी, जबकि अर्श मोहम्मद और संस्कार सरस्वत की जोड़ी ने अंडर-17 पुरुष युगल के फाइनल में कदम रखा।

## चोट के कारण शमी बांग्लादेश वनडे से बाहर

मुंबई/मीरपुर, 3 दिसंबर। भारत के तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद शमी कंधे की चोट के कारण बंगलादेश के खिलाफ एकदिवसीय शृंखला से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को यह जानकारी दी। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बताया कि शमी की यह चोट पहले एकदिवसीय मैच से पूर्व अभ्यास सत्र के दौरान लगी। शमी फिलहाल बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में बीसीसीआई की मेडिकल टीम की निगरानी में हैं। शाह ने बताया कि चयनकर्ता समिति ने शमी की जगह उमरान मलिक को टीम में शामिल किया है। भारत और बंगलादेश के बीच तीन मैचों की वनडे सीरिज का पहला मुकाबला रविवार को मीरपुर के शेर ए बंगला स्टेडियम में खेला जाएगा। बंगलादेश वनडे के लिए भारतीय टीम में रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), शिखर धवन, विराट कोहली, रजत पाटीदार, श्रेयस अय्यर, राहुल त्रिपाठी, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), शाहबाज़ अहमद, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, मो. सिराज, दीपक चाहर, कुलदीप सेन और उमरान मलिक शामिल हैं।

## विश्व कप के करीब आने पर ही विकल्पों को कम करेंगे : रोहित

मीरपुर, 3 दिसंबर। कप्तान रोहित शर्मा वनडे विश्व कप के बारे में 'ज्यादा दूर की सोचकर' चीजों को अव्यवस्थित नहीं करना चाहते और उनका कहना है कि उन्हें और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को बखूबी पता है कि वे अगले साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले इस टूर्नामेंट में किस तरह का रवैया अपनायेंगे।

यह पूछने पर कि क्या विश्व कप की तैयारियां रविवार से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से आरंभ होगी तो रोहित ने स्पष्ट किया कि विशेषकर इस टूर्नामेंट (विश्व कप) के बारे में विचार शुरू करने के लिये अभी समय है। रोहित ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले वनडे से पूर्व पत्रकारों से कहा, "हर बार जब भी आप एक मैच खेलते हो, यह किसी चीज की तैयारी के लिये ही होता है। विश्व कप में अभी आठ-नौ महीने (10 महीने) हैं। हम इतने दूर के बारे में नहीं सोच सकते। बतौर टीम हमें क्या करने की जरूरत है, हमें उस पर नजर रखनी चाहिए।" उन्होंने कहा कि अगर वह ज्यादा जल्दी योजना बनाना शुरू कर देंगे तो इससे मदद नहीं मिलेगी। लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि टीम का 'थिंक-टैंक' जानता है कि किस दिशा में आगे बढ़ना है।

रोहित ने कहा, "हमारे लिये अहम है कि हम इतनी सारी चीजों के बारे में सोचना शुरू नहीं करें। जैसे हमें इस खिलाड़ी को खिलाना चाहिए या उस खिलाड़ी को। मुझे और कोच (द्रविड़) को अच्छी तरह पता है कि क्या करना है। जब हम विश्व कप के करीब पहुंचेंगे तब इसमें तेजी बरतेंगे।"

कुछ खिलाड़ी जैसे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत दो-ढाई महीने तक खेलते रहेंगे और कप्तान ने कार्यभार प्रबंधन की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने स्वीकारा कि काफी क्रिकेट खेला जा रहा है और यह थमेगा नहीं। इसलिये टीम और इसके लोगों को सही चीजें करने की जरूरत है।

रोहित ने कहा, "पेशवर खिलाड़ी के तौर पर हमें ऊर्जावान बने रहना होगा। हां, काफी क्रिकेट खेला जा रहा है इसलिये हम उन्हें ब्रेक देते हैं। लोगों को यह समझने की जरूरत है कि हमें खिलाड़ियों को कब ब्रेक देना चाहिए। यह केवल कार्यभार प्रबंधन के लिये ही है। उन्होंने कहा, "क्रिकेट नहीं रूकेगा। हमेशा काफी क्रिकेट होगा।



*1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के प्रमुख हीरो रहे एयर वाइस मार्शल चंदन सिंह की प्रतिमा का जोधपुर में अनावरण किया गया। एयर वाइस मार्शल चंदन सिंह को उनके योगदान के लिए वीर चक्र, महावीर चक्र सहित कई मैडल्स से सम्मानित किया गया था। चंदन सिंह ने 1971 के युद्ध में पूर्वी पाकिस्तान में घुसकर एयर स्ट्राइक की थी तथा नया बांग्लादेश बनाकर ही वहां से वापस लौटे थे।*

# अज्ञात हमलावरों ने गैंगस्टर राजू ठेहट की गोली मारकर हत्या की

## ट्वीट करके एक बदमाश रोहित गोदारा ने हत्या की जिम्मेवारी ली और कहा कि उसने लॉरैंस विश्नोई गैंग की मदद से राजू ठेहट की हत्या की है

सीकर, 3 दिसम्बर (निसं)। सीकर के पिपराली रोड़ पर शुक्रवार सवेरे गैंगस्टर राजू ठेहट की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। फायरिंग में एक और जने को भी बदमाशों ने गोली मार दी। यह व्यक्ति वीडियोग्राफी कर रहा था। वारदात की सूचना के बाद पुलिस के उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए ए श्रेणी की नाकाबंदी की है। साथ ही पुलिस ने शव राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। यहां वीर तेजा सेना और जाट महासभा ने अनिश्चितकाल के लिए सीकर बंद का आव्हान किया है। सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आधा दर्जन से अधिक थानों के साथ अतिरिक्त पुलिस जाप्ता लगाया गया है।

पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने बताया कि राजू ठेहट हत्याकांड में शामिल पांच संदिग्धों में से चार की पहचान कर ली गई है। मिश्रा ने बताया कि बदमाशों को पकड़ने के लिए पूरे प्रदेश में नाकाबंदी की गई है। उन्होंने बताया कि सीकर में स्थिति शांतिपूर्ण है और स्थिति पर गंभीरता से नजर रखी जा रही है। इस मामले में जिन चार संदिग्धों की पहचान हुई है उनके नाम अभी उजागर नहीं किये गये है। मिली जानकारी के अनुसार सवेरे एक बदमाश ने राजू ठेहट को घर से बाहर बुलाया और सैल्फी ली। उसी समय घर के आगे खड़ी कचरा एकत्रित करने की ट्रैक्टर ट्रोली की आड़ में छुपे अन्य बदमाशों ने राजू ठेहट पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। उस दौरान वीडियो बना रहे एक व्यक्ति को भी गोली मार दी गई, जिसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। राजू ठेहट को परिजन ही अस्पताल लेकर गए। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल परिसर में भारी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। फायरिंग की पूरी घटना

- बताया जाता है कि चार बदमाशों ने सवेरे सीकर में पिपराली रोड स्थित राजू ठेहट के आवास के बाहर वारदात की।
- वीडियो बना रहे व्यक्ति को भी गोली मारी
- राजू की हत्या के विरोध में वीर तेजाजी और जाट महासभा ने अनिश्चितकाल के लिए सीकर बंद का आव्हान किया।
- पुलिस ने ए श्रेणी की नाकाबंदी की।

एक सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से रिकॉर्ड हो गई है। इसमें चार बदमाश राजू ठेहट को गोली मारने के बाद हवाई फायर करके जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। चर्चा है कि राजू ठेहट की आनंदपाल सिंह की गैंग से रंजिश चल रही थी। राजू ठेहट की हत्या की जिम्मेवारी कुख्यात गैंगस्टर लॉरैंस बिश्नोई के गुर्गे रोहित गोदारा ने ली है। रोहित गोदारा ने सोशल मीडिया पर इसकी जिम्मेवारी लेते हुए पोस्ट डाली है। पोस्ट में लिखा है।

"राजू ठेठ को मारा कोई खेद नहीं लेकिन निर्दोष ताराचंद की मौत पर दुःख है। पूरे परिवार और समाज से माफी मांगता हूँ। मैं हर तरीके से सहयोग करने की करुंगा कोशिश। भगवान पुण्यात्मा को शांति प्रदान करें।" रोहित गोदारा बीकानेर जिले में लूणकरनसर थाना क्षेत्र के कपूरीसर गांव का निवासी है। आज सुबह यह घटना होने के कुछ देर बाद ही कपूरीसर में भी काफी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए। रोहित गोदारा काफी समय से अपने गांव में नहीं आया, लेकिन माना जा रहा है कि उसका अपने परिवार से संपर्क बना हुआ है। उसके परिवार के सदस्यों से पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने की जानकारी मिली है। सूत्रों ने बताया कि अगले दो -तीन दिन तक बीकानेर संभाग में पुलिस द्वारा ए श्रेणी की नाकाबंदी जारी रखी जाएगी।

राजू ठेहट अभी कुछ दिन पहले ही जेल से जमानत पर बाहर आया था। सूत्रों का कहना है कि राजू ठेहट अपराध की दुनियां से अलग होकर राजनीति की पारी खेलना चाहता था। उधर वारदात के बाद क्रेटा गाड़ी से भागे चार बदमाशों द्वारा झुंझुंनू जिले के खेतड़ी के निकट बबाई में पुलिस की नाकाबंदी तोड़ने और फायरिंग करके फरार होने का समाचार मिला है। वारदात में स्थानीय लोगों के भी शामिल होने की भी बात सामने आई है। पुलिस की कई टीमें बदमाशों को पकड़ने में लगी हैं।

सांसद सुमेधानंद धरना स्थल पर पहुंचेः-सीकर की पिपराली रोड़ पर शुक्रवार सवेरे गैंगस्टर राजू ठेहट की अज्ञात हमलावरों द्वारा गोली मारकर हत्या किए जाने के विरोध में लोगों ने मोर्चरी के पास धरना देना शुरू कर दिया है।

धरना स्थल पर सीकर सांसद सुमेधानंद, खण्डेला के पूर्व विधायक सहित कई जनप्रतिनिधि भी धरना स्थल पर पहुंचे। राजू ठेहट के समर्थकों में गहरा रोष है। वीडियो बना रहे मृतक नागौर निवासी ताराचंद के परिजन भी सीकर पहुंच गए हैं। उनकी मांग है कि 50 लाख रुपए और मृतक तारांचद के एक परिजन को सरकारी नौकरी दी जाए।

# जोधपुर में एयर वाइस मार्शल चंदन सिंह की प्रतिमा का अनावरण

## महावीर चक्र से सम्मानित चंदन सिंह 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के प्रमुख हीरो थे

जोधपुर, 3 दिसम्बर (कासं)। 51 साल पहले, 1971 में पूर्वी पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक करने वाले वीर चक्र, महावीर चक्र, अति विशिष्ट सेवा मेडल सम्मान प्राप्त दिवंगत एयर वाइस मार्शल चंदन सिंह की मूर्ति का शनिवार को अनावरण किया गया।

समारोह में राजस्थान हाईकोर्ट जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी, राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के मानवेंद्र सिंह जसोल, आईजी बीएसएफ मदनसिंह राठौड़, जिला प्रमुख पाली रश्मि सिंह, एयर कमांडो प्रज्वल सिंह सहित सेना के अधिकारी और आमजन मौजूद थे। गौरतलब है कि, एयर वाइस मार्शल चंदनसिंह ने 1971 के युद्ध में पूर्वी

- चंदन सिंह ने तत्कालीन पाकिस्तान में बेखौफ घुसकर एयर स्ट्राइक की थी वे एक बार मोर्चा संभालने के बाद सीधे 13 दिन बाद वापस लौटे थे, पाकिस्तान के टुकड़े कर नया बांग्लादेश बनाकर।
- प्रतिमा अनावरण समारोह में राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के मानवेन्द्र सिंह जसोल, बी.एस.एफ. के आई.जी.मदन सिंह राठौड़, पाली जिला प्रमुख रश्मि सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुये।

पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में घुसकर एयर स्ट्राइक की थी।

वे उस स्ट्राइक के नायक थे। इस स्ट्राइक के बाद उन्हें रक्षा क्षेत्र के द्वितीय सर्वोच्च सम्मान, महावीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

उन्होंने पाकिस्तान से अलग करके बांग्लादेश को बनाने में अहम् भूमिका अदा की थी और पाक सीमा से 13 दिन बाद लौटे थे। 1971 के युद्ध के वक्त चंदन सिंह जोरहाट (आसाम) में स्टेशन कमांडर थे। वे 3 दिसंबर 1971 को स्ट्राइक करने गए और 16 दिसम्बर को वापस लौटे। दुश्मन क्षेत्र में उतरते ही 19 गोलियों से उनका स्वागत हुआ था। सिंह व हेलिकॉप्टर टीम ने दुश्मन क्षेत्र के अहम पुल को उड़ा दिया।

सिलहट में लैंड किया तो हेलिकॉप्टर पर दुश्मन की 19 गोलियां लगीं। घबराने की बजाय हौसला ऐसा बढ़ा कि, अगले 13 दिन उनकी हेलिकॉप्टर टीम लगातार हमले करते हुए नारायणगंज, रायपुर, मेघना, शमशेर नगर होते हुए ढाका पहुंचकर ही रुकी।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सख्त टिप्पणी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जनादेश और विवेक में निहित है। धनखड़, जो पेशे से वकील है, ने एन.जे.ए.सी. एक्ट का उल्लेख किया और कहा कि वर्ष 2015-16 में संसद संवैधानिक संशोधन अधिनियम की तैयारी कर रही थी और लोकसभा ने सर्वसम्मति से इसे पारित किया।

राज्यसभा में भी इसे आम सहमति मिली सिर्फ एक सदस्य ही अनुपस्थित था, उन्होंने कहा कि, हम भारत के लोग उनकी इच्छा को संवैधानिक प्रावधान में बदल दिया। जनता की शक्ति एक वैध मंच के माध्यम से अभिव्यक्त हुई थी उसे खत्म कर दिया गया। विश्व कहीं भी ऐसी घटना के बारे में जानकारी नहीं है। एन.जे.ए.सी. एक्ट, जिससे सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के जजों को नियुक्त करने की कोलीजियम व्यवस्था खत्म हो जाएगी, पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी और इसे असंवैधानिक करार दिया। मैं यहां बैठे लोगों, जो प्रबद्ध न्यायिक वर्ग के विवेकशील और बुद्धिजीवी व्यक्ति है कृपया दुनिया में उदाहरण खोजें, जिसके किसी संवैधानिक प्रावधान को रद्द किया गया हो। उपराष्ट्रपति ने 26 नवम्बर को संविधान दिवस कार्यक्रम में भी ऐसी ही भावनाएं व्यक्त की थीं। उन्होंने कहा था कि वे एन.जे.ए.सी. वाले फैसले पर हैरान थे संसद में इस पर चर्चा तक नहीं हुई यह बहुत ही गंभीर मुद्दा है। उन्होंने कहा कि, कानून के विद्यार्थी के रूप में क्या संसद की सम्प्रभुता से कभी समझौता किया जा सकता है। क्या पूर्व सांसदों ने जो यिा है, उसके बाद वाली संसद उससे बंधी हुई है। उन्होंने कहा कार्यपालिका, व्यवस्थापिका और न्याय पालिका आपसी तालमेल से काम करना लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण है। एक दूसरे के क्षेत्र में अतिक्रमण से सुशासन की गाड़ी पटरी से उतर सकती है।

## यूक्रेन युद्ध ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भी कीव के साथ हो गए थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि मॉस्को लोगों को सर्दियों में परेशान करने की कोशिश कर रहा है।

क्रैमलिन ने कहा कि जर्मन चांसलर के साथ पुतिन की बातचीत के बाद "यह स्पष्ट हो गया और रूस की सेनाओं ने यूक्रेन में ऐसे चुनिंदा टारगैट्स पर तब से मिसाइल हमले नहीं किए हैं। क्रैमलिन ने आगे कहा लेकिन रूस के सिविलियन इन्फ्रास्ट्रक्चर पर कीव के भड़काऊ हमलों की प्रतिक्रिया में इस तरह के हमले अनिवार्य बन गए हैं।"

सोल्स-पुतिन की बातचीत से पूर्व रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शिकायत की कि यूरोप के देशों में मध्यस्थता को लेकर अब तक कुछ ठोस ऑफर नहीं किया है।

हालांकि फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रां पिछले दो हफ्तों से लगातार यह कहते आए हैं कि वे रूस के राष्ट्रपति के साथ बातचीत की योजना बना रहे हैं। उन्हें यह कहते हुए उद्धृत किया गया कि रूस ने कूटनीतिक चैनल्स के जरिए इसके कोई संकेत नहीं दिए हैं।

लावरोव ने अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री जोन कैरी को एक ऐसा व्यक्ति बताया जो समस्याएं सुलझाने में कामयाब रहा था और विरोधी पक्षों को बातचीत के लिए टेबिल पर ले आता था।

## 'रीट पेपर लीक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सी.बी.आई. जांच नहीं कराई जाती, तब तक रीट पेपर लीक मामले में सच्चाई सामने नहीं आ सकती है। उन्होंने कहा कि जब रीट मामला उजागर हुआ था, तब अनेक लोगों के नाम सामने आए थे, लेकिन करीब एक साल बाद अब राजस्थान लोक सेवा आयोग के उप सचिव का नाम सामने आया है।

इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि रीट में मोटी रकम लेकर पास कराने का गोरखधंधा कितने बड़े स्तर पर चला होगा।

देवनानी ने कहा कि यदि अब भी सरकार इस मामले की गहराई से जांच कराए, तो ऐसे अनेक नाम और सामने आने की संभावना है। चूंकि इस मामले से सरकार को अपनी साख खराब होने का डर सता रहा है, इसलिए पूरे मामले की जांच सी.बी.आई. को नहीं सौंपना चाहती है।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार को अभ्यर्थियों के हितों की तनिक भी चिंता है, तो वह तुरंत दूध का दूध और पानी का पानी करने के लिए इस मामले की जांच तुरंत सी.बी.आई. को सौंपे।

# रेलवे की आय में 76 प्रतिशत की बढ़ोतरी

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर (वार्ता)। रेलवे को मौजूदा वित्तीय वर्ष में अप्रैल से नवंबर की अवधि में यात्री किराए से 43,324 करोड़ रुपये की आमदनी हुई जो पिछले वर्ष की समान अवधि में अर्जित 24,631 करोड़ रुपये की तुलना में 76 प्रतिशत अधिक है। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक आरक्षित खंड में यात्रियों की कुल अनुमानित संख्या 5365 लाख रही , जो

- रेलवे को यात्री किराये से होने वाली आमदनी में पिछले साल के मुकाबले करीब 19 हजार करोड़ रु. से अधिक की बढ़ोतरी हुई है।

बीते साल की इसी समयावधि के दौरान 4860 लाख की तुलना में 10 फीसदी अधिक है। इस श्रेणी में 34,303 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान प्राप्त 22,904 करोड़ रुपये की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार अनारक्षित खंड में यात्रियों की कुल अनुमानित संख्या 35,273 लाख रही। यह संख्या पिछले वर्ष में इसी अवधि के दौरान 13,813 लाख रही जो 155 फीसदी अधिक है। इस श्रेणी में अर्जित राजस्व 9021 करोड़ रुपये रहा है।

## आज दिल्ली निगम के...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इसके एक प्रमुख सदस्य को आर्म्स एक्ट की कठोर धाराओं में गिरफ्तार किया जिसमें कम से कम दस साल की सजा हो सकती है। पुलिस उपायुक्त (स्पेशल सैल) पी.एस. कुशवाह ने कहा कि निगम चुनावों के मद्देनजर पुलिस ने मध्य प्रदेश के फायर आर्म्स सप्लायर्स पर पहले ही निगरानी बढ़ा दी थी जो कि दिल्ली-एन.सी.आर. में हथियार भेजते हैं। डी.सी.पी. ने कहा कि खास जानकारी मिली थी कि आर्म्स सिंडीकेट का खास आदमी सेठा बघेल 1 दिसम्बर को मयूर विहार में डी.डी.ए. पार्क के निकट आएगा और इसके अनुसार पुलिस ने जाल बिछाया और आरोपी सेठा को हथियारों के बैग के साथ पकड़ लिया।

# राजू ठेहट की हत्या के आरोपी झुंझुनूं में छुपे हो सकते हैं

झुंझुनूं, 3 दिसम्बर (निसं)। सीकर में हुई गैंगेस्टर राजू ठेहट की हत्या मामले में सीकर जिले के पड़ोसी जिले अलर्ट पर आ गए है। झुंझुनूं जिले में हथियारबंद जवानों के साथ पुलिस की नाकाबंदी की गई है। सीकर से आने-जाने वाले वाहनों के अलावा शहरों में हर वाहन की तलाशी ली जा रही है। संभावना है कि सीकर में वारदात करने के बाद बदमाश झुंझुनूं होते हुए हरियाणा भाग सकते है। ऐसे में एसपी मृदुल कच्छावा पूरे नाकाबंदी की स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं। वहीं एएसपी डॉ. तेजपाल सिंह भी पल-पल की अपडेट लेते दिखाई दिए। हरियाणा बॉर्डर को पूरी तरह से सील कर दिया गया। इसके अलावा झुंझुनूं शहर में भी मंडावा मोड़ पर नाकाबंदी की गई।

राजू ठेहट मर्डर मामले में झुंझुनूं के उदयपुरवाटी से बड़ा अपडेट मिल रहा है। झुंझुनूं के उदयपुरवाटी क्षेत्र में आने वाले बाघोली गांव के नदी क्षेत्र में बदमाशों के छुपे होने की संभावना को देखते हुए पूरे नदी क्षेत्र को पुलिस के जवानों ने घेर लिया और नदी में सर्च ऑपरेशन चल रहा है। एएसपी डॉ. तेजपालसिंह इस पूरे सर्च ऑपरेशन को लीड कर रहे है। वहीं बुहाना, खेतड़ी और नवलगढ़ डीएसपी के अलावा सीकर और झुंझुनूं पुलिस के एक दर्जन के करीब थानाधिकारी और 100 से अधिक जवान नदी क्षेत्र को खंगाल रहे है। संभावना है कि खेतड़ी के हरड़िया गांव से नाकाबंदी तोड़कर भागे क्रेटा सवार चार बदमाश बाघोली में आए है। डॉ. तेजपालसिंह ने बताया कि अंधेरा होने के बाद भी सर्च ऑपरेशन नहीं रोका गया। वहीं पूरे नदी क्षेत्र को घेरने के अलावा ग्रामीणों से भी सहयोग की अपील की जा रही है कि किसी भी प्रकार के संदिग्ध मूवमेंट की जानकारी तुरंत पुलिस को दे।

आगे आगे बदमाश, पीछे पीछे पुलिसः खेतड़ी इलाके में एक संदिग्ध गाड़ी के सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने भी जानकारी दी है। शनिवार दोपहर में नीमकाथाना की ओर से एक क्रेटा कार में सवार बदमाशों को इस मर्डरकांड से जोड़कर देखा जा रहा है। यह कार बबाई व हरड़िया गांव में पुलिस की नाकाबंदी तोड़कर निकली। इसी दरमियान हरड़िया गांव के जिस रास्ते से क्रेटा सवार बदमाश भाग रहे थे। उन्हें रास्ते में सड़क निर्माण करते हुए मजदूर मिल गए, जिससे उनका रास्ता रूक गया। मजदूरों को साइड में हटाने के लिए इन बदमाशों ने दो राउंड हवाई फायर किए और भागते-भागते एक और

- पुलिस ने भारी नाकाबंदी की है और यहां बाघोली गांव के नदी क्षेत्र को घेर कर भारी तलाशी अभियान चलाया गया है।
- आशंका यह भी जताई जा रही है कि, बदमाश झुंझुनूं से होते हुए हरियाणा भाग सकते हैं।

राउंड फायर किया बताया। उसके बाद मजदूरों में भगदड़ मच गई। एक मजदूर गिर गया और उसे चोट भी लगी है। इतने ही पीछे आ रही पुलिस की गाड़ी को देखकर आरोपी कार के साथ मौके से भाग गए। इस भागदौड का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें महज 44 सैकंड के फासले में ही बदमाश पुलिस को गच्चा देकर भागने में सफल हो गए। क्योंकि वीडियो में साफ दिख रहा है कि बदमाशों के पीछे लगी पुलिस की गाड़ी को बदमाशों के पीछे सीधा सड़क पर जाना था, लेकिन एक दूसरे रास्ते के चक्कर में पुलिस चकमा खा गई। ताजा सूचना के मुताबिक बदमाश बाघोली इलाके में गए है। हालांकि अभी यह नहीं कहा जा सकता है कि यह बदमाश राजू ठेहट मामले से जुड़े हुए ही है या फिर कोई और। लेकिन पुलिस इस मामले में जरा सी भी लापरवाही नहीं बरतना चाहती।

मामले को लेकर एडीजी क्राइम रवि प्रकाश मेहरड़ा का बयान भी सामने आया है। उन्होंने बताया कि राजू ठेहठ की हत्या के आरोपी स्थानीय हो सकते हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## इज़राइल के राजदूत...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ठुकराया, जो आपके लिए था।" लापिड ने पलटवार करते हुए कहा कि वे इज़राइल के कूटनीतिक की प्रतिक्रिया पर शर्मिन्दा हैं। उन्होंने कहा कि "मैं अपने आप से पूछता हूं कि यह व्यक्ति, जो पहले ही एक अनुभवी राजदूत है, लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की क्लासें ले रहा है?

मेरा अपना वजूद है। मैं इस राजदूत या इज़राइल की प्रॉपर्टी नहीं हूं, वैसे ही, जैसे कोई भारतीय व्यक्ति भारत की प्रॉपर्टी नहीं है। यदि मैं कुछ देखता हूं, कुछ महसूस करता हूं तो किसी राज्य के हितों के लिए मैं उसके विपरीत नहीं कह सकता।"

लापिड ने बाद में अपनी टिप्पणियों के लिए क्षमा मांगी लेकिन वे फिल्म के कन्टैन्ट्स की आलोचना को लेकर अपनी बात पर दृढ़ रहे। भारत और इज़राइल के द्विपक्षीय संबंधों का वर्ष 1992 में सूत्रपात हुआ था। उसे अब 30 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। यह पहला मौका है जब एक यहूदी देश के दूत को हेट स्पीच के जरिए निशाना बनाया गया है।

# कोचिंग नि:शुल्क

जयपुर, 3 दिसम्बर (का.प्र.)। सीकर के एक सीएलसी कोचिंग संस्थान ने घोषणा की है कि गोलीकांड में नागौर जिले के ताराचंद कड़वासरा मृत्यु हो गई है, उनकी पुत्री, जो कि संस्थान में कोचिंग कर

- सीकर के सी.एल.सी. कोचिंग इंस्टीट्यूट ने गोलीकांड में मारे गए नागौर के ताराचंद कड़वासरा की पुत्री की कोचिंग निःशुल्क कर दी है।

रही है, उसकी तमाम कोचिंग अब निशुल्क कर दी जाएगी। संस्थान के डायरेक्टर श्रवण चौधरी ने यह घोषणा भी की है कि कड़वासरा के परिवार का कोई भी बच्चा सीएलसी में कोचिंग लेने आएगा तो उसे भी निशुल्क कोचिंग दी जाएगी।

## 'बाल वाटिका प्री ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

स्कूल में नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित की जायेगी। प्री-प्राइमरी कक्षा के तहत नर्सरी, एल.के.जी., एच.के.जी. प्रत्येक क्लास में 25 सीटें निर्धारित की गई हैं। इससे अधिक आवेदन होने पर 21 दिसम्बर को लॉटरी निकाली जायेगी और 22 दिसम्बर को लॉटरी से चयनित विद्यार्थियों की लिस्ट नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित होगी।

इसके साथ ही एडमिशन की कागजी कार्रवाई 23 दिसम्बर से शुरू हो जायेगी। क्लासेज छह जनवरी से शुरू होंगी। ये बाल वाटिका प्री-प्राइमरी क्लासेज सिर्फ चार घंटे संचालित होगी। इसके लिए सर्दी में एक अक्टूबर से 31 मार्च तक सुबह 10 बजे से दो बजे तक का समय रखा गया है तो एक अप्रैल से 30 सितम्बर तक सुबह 8 बजे से 12 बजे तक का समय तय किया गया है। सप्ताह में पांच दिन क्लासेज़ चलेंगी और शनिवार व रविवार का अवकाश रहेगा।

# कर्नाटक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने प्र.मंत्री मोदी को बताया भस्मासुर

बेंगलुरु, 3 दिसंबर (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना रावण से करने के बाद कर्नाटक के कांग्रेसी नेता वी.एस. उग्रप्पा ने उनकी (मोदी) की तुलना भस्मासुर से की है।

उग्रप्पा ने शुक्रवार को कन्नड़ा में कहा, श्रीमान मोदीजी, आपको भस्मासुर की तरह व्यवहार करना बंद करना चाहिए और अनुच्छेद 21-ए के तहत बच्चों को शिक्षा और छात्रवृत्ति देने की नीति जारी रखनी चाहिए, जिसमें शिक्षा का अधिकार और छात्रवृत्ति एक मौलिक अधिकार है। हिंदू पुराणों के अनुसार भस्मासुर एक राक्षस था जिसके पास अपने हाथ से किसी के भी सिर को छूने से वह भस्म हो जाता था।

- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की टिप्पणी के बाद कांग्रेस के एक और नेता ने प्र.मंत्री मोदी की असुर से तुलना की
- वी.एस. उग्रपा ने कहा कि, प्र.मंत्री मोदी देश की शिक्षा नीति में भारी फेरबदल कर रहे हैं तथा गरीब एवं पिछड़े तबके के छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति बंद करने जा रहे हैं, केन्द्र सरकार का यह कदम देश के लिए भस्मासुर को मिले वरदान (अभिशाप) की तरह साबित होगा।

इससे पहले हाल ही में खड़गे ने गुजरात विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान मोदी की तुलना रावण से की थी। खड़गे ने अहमदाबाद के बेहरामपुरा इलाके में एक सभा में कहा था, निगम चुनाव, संसदीय चुनाव और विधानसभा चुनाव में हर जगह हम आपका चेहरा देखते हैं। क्या आपके पास रावण जैसे 100 सिर हैं?

खड़गे पर पलटवार करते हुए मोदी ने कहा कि यह ए.आई.सी.सी. प्रमुख की गलती नहीं है क्योंकि उन्हें राम भक्तों की भूमि में उन्हें रावण कहने का आदेश दिया गया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस में होड़ है कि कौन मुझे ज्यादा गाली दे सकता है। मैं खड़गे का सम्मान करता हूं, उन्हें जो कहने का आदेश होगा, वह कहेंगे। कांग्रेस को नहीं पता कि यह रामभक्तों का गुजरात है। रामभक्तों की इस धरती पर, खड़गे को मुझे 100 सिर वाला रावण कहने का आदेश दिया गया था और उन्होंने ऐसा ही किया। कर्नाटक कांग्रेस के नेता वी.एस. उगरप्पा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना 'भस्मासुर' से करने के एक दिन बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस की तुलना महाभारत के चेदिराज 'शिशुपाल' से की है। भाजपा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री के विरुद्ध इस अमर्यादित टिप्पणी का सही उत्तर लोग कांग्रेस के विरोध में मतदान करके देंगे। राजा शिशुपाल की बुआ का पुत्र था लेकिन उसके अपशब्दों के लिए कृष्ण ने उसका वध किया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, कांग्रेस के एक बहुत वरिष्ठ नेता और कर्नाटक के पूर्व सांसद वी.एस. उगरप्पा ने मोदी को भस्मासुर कहा था... गुजरात में चार करोड़ सहित देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन प्रदान करने वाला व्यक्ति भस्मासुर नहीं हो सकता। पात्रा ने कहा, आवास योजना के तहत गुजरात में 11 लाख लोगों को घर देने वाला व्यक्ति भस्मासुर नहीं हो सकता।

# दिल्ली कांग्रेस में भी अंतर्कलह

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर। दिल्ली में मुनिसिपल कॉरपोरेशन दिल्ली (एम.सी. डी.) चुनाव के लिए वोटिंग से पहले कांग्रेस में एक बार फिर अंतर्कलह सामने आ रही है। पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे और कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने अपनी ही पार्टी के नेता देवेंद्र यादव पर निशाना साधा है। वहीं इस मुद्दे को लेकर बीजेपी ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा है कि राहुल गांधी को पहले कांग्रेस जोड़ो पर फोकस करना चाहिए।

बुधवार को कांग्रेस घोषणापत्र जारी कर रही थी और इस दौरान मंच पर पोस्टर लगे हुए थे। इसमें अन्य नेताओं के साथ दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित की भी तस्वीर थी। इस कार्यक्रम में पार्टी नेताओं के साथ मंच पर देवेंद्र यादव भी बैठे हुए थे। इसी बात से संदीप दीक्षित नाराज हो गए। संदीप दीक्षित ने ट्वीट कर कहा कि जिस कार्यक्रम में शीला दीक्षित की तस्वीर लगी हो, उसके सामने देवेंद्र यादव कैसे बैठ सकते हैं?

कांग्रेस में अंतर्कलह पर बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने निशाना साधते हुए कहा, राजस्थान और गोवा के बाद दिल्ली कांग्रेस में विवाद शुरू हो गया है। कांग्रेस बनाम कांग्रेस, मतलब टुकड़े टुकड़े कांग्रेस। कांग्रेस, कांग्रेस का ही विरोध कर रही है। राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा से पहले जो पहले ही जुड़ा हुआ है, सरदार पटेल को धन्यवाद, आपको कांग्रेस जोड़ो यात्रा की शुरुआत करनी चाहिए थी।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908